卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं, य: शोकवह्निं जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां, नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं, जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 24 ♦अंक 41 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦शनिवार ♦18 नवम्बर 2023 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com | 9897427585 | UTTARANCHAL DARPAN | www.uttaranchaldarpan.in

KJ KUMAON JEWELLERS
TRUSTED TRADE
100% Hallmarked HUID Jewellery Showroom
50% Off On Making Charges
Bhotia Parao, Near Taxi Stand Nainital Road, Haldwani
Unchapul, Near Devashray Colony, Haldwani
Opp. P.A.C. Gate No. 2 Near ICICI Bank Rudrapur (U.S Nagar) Uttarakhand
Near Soban Singh Jeena Base Hospita, Haldwani Uttaranchal Trade Centre, Tikonia, Haldwani
Ph.: 9759290502, 8791172502
E-mail.: verma.sanjeev9759@gmail.com



GAGNEJA PROPERTIES
CONTACT FOR SALE, PURCHASE RENT & LEASE
✔ Shops ✔ Houses
✔ Industrial Property
✔ Commercial Property
✔ Agriculture Land
REAL ESTATE WITHOUT THE HASSLE
MO.-8630672525,8279444462
ADD- SRA F69, Shop No.4, Adarsh Colony, Rudrapur

# पीएमओ उपसचिव ने लिया रेस्क्यू अभियान का जायजा

## शनिवार को नहीं हो पाई ड्रिलिंग, इंदौर से नई मशीन पहुंची, श्रमिकों के परिजनों की बढ़ रही चिंता

उत्तरकाशी(उद संवाददाता)। सुरंग में फंसे मजदूरों को निकालने के लिए लगातार सात दिनों से कोशिश की जा रही है। शनिवार को रेस्क्यू ऑपरेशन रूका रहा। लगातार मुख्यमंत्री से लेकर बड़े अधिकारी अभियान पर नजर बनाए हुए हैं। शनिवार को प्रधानमंत्री कार्यालय के उप सचिव मंगेश घिल्डियाल मौके पर पहुंचे। अधिकारियों के साथ पहुंचे मंगेश घिल्डियाल ने चलाए जा रहे रेस्क्यू ऑपरेशन का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों से बात की और आ रही अड़चनों के बारे में जाना। बता दें



सिल्क्यारा सुरंग में फंसे श्रमिकों को बाहर निकालने के लिए चल रहे बचाव अभियान में लगातार समस्या आ रही है। शनिवार को सुरंग में ड्रिलिंग कार्य को रोक दिया गया। सुरंग बनाने वाली कंपनी एनएचआईडीसीएल के निदेशक ने कहा कि फिलहाल सुरंग में ड्रिलिंग का काम रुका हुआ है। बताया जाता है कि सुरंग के अंदर 1750 हार्स पॉवर की ऑगर मशीन के चलने से कंपन हो रहा है। जिससे सतह का संतुलन बिगड़ रहा है। इसके चलते मलबा गिरने का खतरा है। इसे ध्यान में रखते हुए काम रोका गया है। बचाव अभियान के तहत सुरंग में 22 (शेष पृष्ठ सात पर)

## सीएम धामी ने फिर की समीक्षा बैठक

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सुरंग में फंसे मजदूरों को बचाने के लिए चलाये जा रहे रेस्क्यू अभियान पर लगातार नजर बनाए हुए हैं। शासकीय



आवास पर सीएम ने अधिकारियों के साथ टनल में फंसे श्रमिकों को सकुशल बाहर निकालने के लिए चलाए जा रहे बचाव कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान रेस्क्यू ऑपरेशन में आ रही बाधाओं से निपटने के लिए हर (शेष पृष्ठ सात पर)

# छठ पूजा की अनुमति निरस्त करने पर कलेक्ट्रट में प्रदर्शन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। ग्राम कीरतपुर कोलडा के निवासियों ने ग्राम में छठ पूजा पर्व मनाने के लिए प्रशासन से अनुमति न मिलने के विरोध में आज कलैक्ट्रेट परिसर में नारेबाजी के साथ प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने अनुमति देने की मांग को लेकर



जिलाधिकारी को ज्ञापन भी सौंपा। रोषित ग्रामीणों का कहना है कि गाँव में ही प्रत्येक वर्ष दीपावली के पावन पर्व के बाद छठ माता की पूजा की जाती है तथा पुराने समय से निरन्तर पूजा करते चले आ रहे है। उन्होंने बताया इस वर्ष की पूजा हेतु गाँव के निवासियों ने उपजिलाधिकारी से 17 अक्टूबर को छठ (शेष पृष्ठ सात पर)

# आठ निरीक्षक और तीन उपनिरीक्षकों के तबादले

## भारत सिंह बने एसओजी प्रभारी, विजेन्द्र शाह ट्रांजिट कैम्प के नए थानाध्यक्ष

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। एसएसपी मंजूनाथ टीसी ने कानून व्यवस्था में फेरबदल करते हुए जिले के आठ इंसपेक्टर और तीन उपनिरीक्षकों



को स्थानांतरित किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार एसएसपी ने जसपुर कोतवाल प्रकाश दानू को खटीमा कोतवाली में स्थानांतरित किया हैं। थाना आईटीआई काशीपुर के इंसपेक्टर आशुतोष को जसपुर कोतवाली, खटीमा कोतवाल नरेश चौहान को बाजपुर कोतवाली, बाजपुर कोतवाल प्रवीण कोश्यारी को थानाध्यक्ष आईटीआई, पीआरओ वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक भारत सिंह को एसओजी प्रभारी उधम सिंह नगर, एसओजी प्रभारी बिजेन्द्र शाह को थानाध्यक्ष ट्रांजिट (शेष पृष्ठ सात पर)

## आदर्श कालोनी चौकी प्रभारी लाईन हाजिर

रुद्रपुर। एसएसपी डॉ मंजूनाथ टीसी ने चौकी आदर्श कॉलोनी क्षेत्र में मादक पदार्थ समेत अवैध शराब का कारोबार की सूचना पर चौकी प्रभारी के खिलाफ सख्त एक्शन लेते हुए लाइन हाजिर कर दिया। इसके साथ ही एसएसपी ने जांच के आदेश भी दिए हैं। बता दें कि पिछले दिनों एसपी सिटी मनोज कुमार कत्याल ने पुलिस फोर्स के साथ आदर्श बंगाली कालोनी में अवैध शराब के कारोबार होने की सूचना पर औचक निरीक्षण किया। एसपी सिटी को निरीक्षण के दौरान भारी मात्रा में अवैध शराब बरामद हुई। एसपी सिटी की रिपोर्ट पर एसएसपी डॉ मंजूनाथ टीसी ने कड़ा एक्शन लेते हुए चौकी प्रभारी महेश कांडपाल को लाइन हाजिर कर दिया। एसएसपी ने बताया कि क्षेत्र में काफी समय से अवैध देशी/कच्ची शराब का कारोबार चल रहा था। जिस पर चौकी प्रभारी व पुलिस कर्मचारियों द्वारा प्रभावी कार्यवाही अम्ल में नहीं लाई गई थी। उन्होंने बताया कि इस प्रकरण में एसपी रैंक के अधिकारी द्वारा जांच कराई जाएगी।(शेष पृष्ठ सात पर)

किराये हेतु
डॉक्टर कालोनी, सिविल लाईन रूद्रपुर पहली गली में स्थित 25x75 के दो नर्सिंग होम किराये हेतु खाली हैं, जिसमें आई साइट हॉस्पिटल एवं मान्या आयुर्वेदिक सेन्टर चल रहा है।
&%lEidi dj%&
9897067700
9897683006

# 'फायर ब्रांड' नेता बनने की राह में 'धामी'

## धामी ने एक तीर से भेदे दो लक्ष्य, इन्वेस्टर मीट से बढ़ाया कद, अग्रिम पंक्ति के नेताओं में बनाई जगह

–अर्श–

रूद्रपुर। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की छवि एक राजनेता के तौर पर भले ही सौम्य, सरल एवं समन्वयकारी राजनीतिज्ञ की हो, मगर एक मुख्यमंत्री के रूप में अपनी दूसरी पारी में उन्होंने अब तक जो काम किए हैं उनकी बदौलत वे भाजपा के फायर ब्रांड नेता बनने से अब बस कुछ ही कदम दूर है। एक ऐसे फायर ब्रांड नेता, जो उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ की तर्ज पर ना तो खालिस बुलडोजर इंसाफ में ही विश्वास रखते हैं और ना ही असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व सरमा की भांति यह खुला ऐलान ही करते हैं कि उन्हें एक समुदाय विशेष







का वोट नहीं चाहिए। अपितु इसके विपरीत एक समन्वयकारी नीति के तहत सधे हुए कदमों से एक के बाद एक नए मील के पत्थर पार करते जा रहे हैं। अपनी दूसरी पारी में राज्य के मुखिया बड़ी ही सूझबूझ और चतुराई से न केवल शासकीय भूमि पर फैली अतिक्रमण की 'हरी चादर' को तार तार करने में सफल रहे हैं, बल्कि अवैध मदरसो की मनमानी गतिविधियों पर लगाम लगाकर, बकायदा उनके नियमन की नकेल डालने का मार्ग भी प्रशस्त कर चुके हैं। बिना किसी हंगामे और बखेड़े के संवेदनशील धार्मिक मसलों को भाजपा के एजेंडे के अनुसार सफलतापूर्वक हल करके, पुष्कर सिंह धामी आरएसएस की प्रशंसा पाने के साथ ही भाजपा के अग्रिम पंक्ति के कद्दावर राष्ट्रीय नेताओं में भी शुमार होने लगे हैं। कदाचित यही कारण है कि देश में हो रहे पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव में भाजपा स्टार प्रचारक के रूप में धामी की सेवाएं ले रही है और वह मध्य प्रदेश तथा राजस्थान जैसे हिंदी पट्टी के राज्यों में बड़ी–बड़ी सभाओं को संबोधित कर रहे हैं। इसके अतिरिक्त बीते कुछ माह के भीतर सुवि के मुख्यमंत्री ने इन्वेस्टर मीट के एकमात्र तीर से ही दो लक्ष्य भी भेदे हैं। उल्लेखनीय है कि पर्वतीय राज्य उत्तराखंड के मुख्यमंत्री ने इन्वेस्टर मीट के माध्यम से केवल उत्तराखंड राज्य के लिए भारी भरकम औद्योगिक निवेश ही नहीं हासिल (शेष पृष्ठ सात पर)

# नियमों को ताक पर रखकर काटी जा रही कालोनियां

## क्षेत्र में कट रही दर्जनों अवैध कालोनियां ,आंखे मूंदे बैठा है जिला विकास प्राधिकरण





-कैलाश पंडित-

किच्छा। जिलाधिकारी उधम सिंह नगर के आदेशों के अनुपालन में जिला विकास प्राधिकरण एवं प्रशासन द्वारा अवैध कालोनियों के खिलाफ चलाए गए अभियान से यह परिलक्षित हुआ है कि नियमों को ताक में रखकर कॉलोनाइजरों द्वारा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत कृषि भूमि का उपयोग कॉलोनिया बनाने के लिए नियमों को धता बताकर प्रशासन का मुंह चिढ़ा रहे हैं। उल्लेखनीय है कि एक शिकायत कर्ता के पत्र पर गत दिवस जिला प्रशासन ने संज्ञान लेकर बगैर अकृषक किए व विकास प्राधिकरण से नक्शा पास कराए बिना कालोनियां काटने वालों के विरुद्ध ताबड़ तोड़ कार्यवाही की है। यही नहीं भू माफिया सरकारी भूमि को भी खुर्द बुर्द करने से भी पीछे नहीं हट रहे है। बीते दिवस प्रशासन द्वारा जिलाधिकारी के आदेशों के अनुपालन में ग्राम चुटकी देवरिया सुनहरा सिरौली सहित कई क्षेत्रों में काटी जा रही कॉलोनी पर ताबड़तोड़ छापामार कार्यवाही की तथा कई नई व पुरानी कॉलोनाइजर द्वारा बनाई जा रही कॉलोनिया संज्ञान में आई जिसमें 7 एकड़ की कॉलोनी सुनहरा में दो एकड़ की कॉलोनी, सुनहरा से लगते हुए क्षेत्र के अलावा टोल प्लाजा देवरिया में कई एकड़ की भूमि पर कॉलोनाइजर द्वारा कॉलोनी काटी जा रही थी। यहां पर प्रशासन का कहना था कि कॉलोनाइजर द्वारा वन विभाग की भूमि को बगैर अनुमति के घेराबंदी की जा रही थी जिसकी सूचना मिलने पर मुक्त कर प्रशासन ने कब्जे में लिया है। इसके अलावा ग्राम सोनेरा में विकास प्राधिकरण द्वारा ध्वस्तीकरण करने की कार्यवाही किए जाने हेतु चिन्हित विभिन्न कॉलोनी में प्रशासन ने अपना बुलडोजर चलाया तथा कई नई कॉलोनी काट रहे कॉलोनाइजर को नोटिस दिए जाने की कार्यवाही करने की प्रक्रिया शुरू की गई। अवैध कॉलोनी बनाने वालों के खिलाफ प्रशासन का अभियान देखकर कॉलोनिया काट रहे कॉलोनाइजर अपने ऑफिस को छोड़कर ही नदारद रहे। इसके अलावा जिन लोगों द्वारा कॉलोनाइजरों से प्लाट खरीद कर मकान बनाए गए हैं उनमें दहशत का माहौल बना हुआ है ऐसे में कॉलोनाइजर द्वारा की गई गलती का खामियांजा अपनी मेहनत की कमाई को आशियाना बनाने के लिए खर्च करने वालों पर दोहरी मार पड़ रही है ।ऐसा ही मामला सुनहरा में देखने को मिला जिसमें मौके पर कॉलोनाइजर तो नहीं था किंतु ध्वस्तीकरण करने की कार्यवाही के चलते बने हुए भवन को तोड़ने के दौरान एक भवन स्वामी ने बताया कि उन्होंने कॉलोनाइजर को प्लाट का पूर्ण भुगतान कर दिया किंतु उन्हें कॉलोनी का नक्शा पास न होने की एवं भूमि के 143 न होना की जानकारी नहीं थी उनको कॉलोनाइजर द्वारा भुगतान लेकर करवाही करते हुए भूमि कब्जे पर दे दी गई थी। अब ऐसे में यह सवाल उठता है कि कॉलोनाइजर द्वारा भूमि का 143 एवं विकास प्राधिकरण से नक्शा पास न कराए जाने का खामियाजा आम आदमी को क्यों झेलना पड़ रहा है। यह भी प्रश्न है कि कालोनियां काटने से पूर्व ही विकास प्राधिकरण और प्रशासन सचेत क्यों नहीं रह पाता। गत दिवस की



गई कार्यवाही से प्रशासन भी हतप्रभ था कि दर्जन भर स्थान पर कॉलोनाइजर द्वारा व्यापक पैमाने पर नई कालोनियां काटी जा रही थी जिस पर उप जिलाधिकारी द्वारा संज्ञान लेते हुए संबंधित आला अधिकारियों को तुरंत आवश्यक कार्यवाही कर कॉलोनाइजरों के खिलाफ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए सवाल यह उठता है कि व्यापक पैमाने पर जहां कृषि भूमि को नियमों को ताक पर रखते हुए कंक्रीट के जंगलों में बदलने का कार्य धड़ले से चल रहा है। उसका जिम्मेदार किसे बनाया जाए जबकि सुविधाओं की होड़ में आबादी का बढ़ना भी निश्चित है तथा एक सुनहरे आशियाने के लिए आम आदमी भी प्रयासरत है जो कि येन केन प्रकार से अपने लिए भूमि की व्यवस्था करने की जुगत में लगा रहता है। वह यह भूल जाता है कि भूमि खरीदने से पूर्व भूमि के संबंध में संपूर्ण दस्तावेजों का लेखा-जोखा जांच ले लेकिन एक आशियाने की आस में आम आदमी यह भूल जाता है जिसका खामियाजा उसे प्रशासन द्वारा ध्वस्ती करण करने की कार्यवाही के रूप में झेलना पड़ेगा। नगर क्षेत्र अंतर्गत जिस प्रकार कालोनियां काटने की एक होड़ सी प्रारंभ हो गई है। वह आने वाले समय में विकराल रूप धारण कर सकती है ।

### नियमों के विरूद्ध निर्माण किया तो होगा ध्वस्तीकरण



किच्छा(उद संवाददाता)। अवैध कॉलोनाइजरों के खिलाफ अभियान चलाने वाले उप जिलाधिकारी कौस्तुभ मिश्र ने कहा है कि सभी कालोनियां बना रहे कॉलोनाइजर नियमों का पालन करें ।यदि उनके संज्ञान में किसी भी कॉलोनाइजर द्वारा नियम विरुद्ध कॉलोनी काटे जाने की जानकारी आई तो कॉलोनी में ध्वस्तीकरण किया जाएगा। उन्होंने विकास प्राधिकरण को भी निर्देशित किया है कि नई कालोनियां के विरुद्ध तुरन्त कारवाही की जाय। पुराने मामले जो चल रहे हैं सब का निस्तारण कर स्थिति स्पष्ट की जाए तथा जिन कालोनियों ने अभी तक विकास प्राधिकरण से नक्शा पास नहीं करवाया है उनके खिलाफ ध्वस्तीकरण की कार्रवाई अमल में लाई जाएगी । उन्होने आम आदमी से भी अपील की है कि भूमि खरीदने से पूर्व अभिलेखों की पूर्ण। जानकारी जुटा ले तथा संबंधित छेत्र के पटवारी से सत्यापन कराकर ही भूमि खरीदें।



## छठ घाट का निरीक्षण किया

नानकमत्ता(उद संवाददाता)।छठ पूजा की तैयारी को लेकर नगर पंचायत अधिशासी अधिकारी विमला जोशी ने कर्मचारियों के साथ छठ घाट का निरीक्षण किया। कर्मचारियों को छठ घाट की साफ सफाई करने के लिए निर्देशित किया। छठ घाट



पहुंचकर स्थानीय लोगों से बातचीत कर छठ पूजा के बारे में विस्तृत जानकारी ली। अधिशासी अधिकारी विमल जोशी ने गुरुद्वारा मार्ग, गाड़ी पट्टी मार्ग, मिल्क, पंजाब नेशनल बैंक के समीप साफ सफाई का निरीक्षण किया। इस मौके सोनू वाल्मीकि। महेश राणा। दान सिंह राणा, तरुण गुलाटी, आदि सफाई नायक मौजूद थे।

## अवैध शराब के साथ महिला सहित दो गिरफ्तार

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। पुलिस ने अलग अलग स्थानों से एक महिला सहित दो शराब तस्करों को अवैध शराब सहित गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार एसआई संदीप शर्मा एएसआई दीपक चौहान के साथ चैकिंग करते गल्ला मंडी पहुंचे तो मुखबिर सूचना पर कां आदर्श कुमार व प्रवीण रावत को बुलवाकर पंडित कबाडी वाली गली में कूड़े के ढेर पर अवैध शराब के साथ एक युवक को पकड़ लिया। उसने अपना नाम पता सोनू सिंह पुत्र पाला सिंह निवासी खेमपुर भट्टा बताया। तलाशी लेने पर उसके पास से कट्टे में भरे कुल 100 पाऊच अवैध शराब के बरामद हुए। वहीं उ.नि. नेहा ध्यानी ने अ.उ.नि. रवीश राम के साथ गश्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर जगतपुरा वार्ड 5 गली नंबर 16 मुखर्जी नगर में अवैध शराब बेच रही एक महिला को पकड़ लिया । पूछताछ करने पर उसने अपना नाम पता सुलता मण्डल पत्नी प्रभास मण्डल निवासी जगतपुरा वार्ड 5 मुखर्जी नगर बताया। तलाशी लेने पर उसके पास से कट्टे में रखे 50 पाउच कच्ची शराब के तथा 1560 रुपये नगद बरामद हुए। पुलिस ने दोनों नशा तस्करों को गिरफ्तार कर उनके विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## विद्युत कर्मी से मारपीट करने वाले के विरूद्ध मुकदमा दर्ज

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। बकाया विद्युत मूल्य जमा न करने पर संयांजन काटने गये विद्युत कर्मी से मापीट करने वाले व्यक्ति के विरूद्ध मुकदमा दर्ज करा दिया गया है। दर्ज रपट में कहा गया है कि कुलदीप सिंह,33/11केवी उपसंस्थान मटकोटा अवर अभियन्ता के निर्देशानुसार बकाया विधुत होने पर 16 नवम्बर को महेन्द्र सिंह पुत्र कल्याण सिंह जो कि विभाग में स्वयं सहायता समूह के माध्यम से संविदा पर नियुक्त है को बकाया विधुत बिल जमा न करने पर वाले व्यक्तियों का संयोजन काटने हेतु निर्देशित किया गया था। महेन्द्र सिंह द्वारा 16 नवम्बर को सायं उपसंस्थान आकर बताया कि जब वह अपने सहकर्मी इन्द्रेश शर्मा के साथ आवास विकास स्थित उन्नत कुमार बला के परिसर पर पहुंचे तो वहा परिसर पर मौजूद राधे पी.जी. के संचालक विशाल अग्रवाल उर्फ राधे द्वारा बलपूर्वक संयोजन काटे जाने का विरोध किया गया और महेन्द्र सिंह को जान से मारने की धमकी देते हुए गाली गलौच और मारपीट की गई । जिससे कर्मचारी भयभीत है । पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## खेल महाकुंभ की तैयारियां हुई पूर्ण

गदरपुर(उद संवाददाता)। खेल महाकुम्भ 2023 के अन्तर्गत विकास खण्ड गदरपुर में तीनों न्याय पंचायतो में न्याय पंचायत स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन पूर्ण हो चुकी है। इन न्याय पंचायत स्तरीय प्रतियोगिताओं के उपरांत दिनांक 21



नवम्बर से 24 नवम्बर तक ब्लॉक स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाना है। इस संबंध में शुक्रवार को ब्लॉक सभागार में तैयारियों को लेकर खण्ड विकास अधिकारी शेखर जोशी की अध्यक्षता आहूत की गई बैठक में पूरे कार्यक्रम की रूपरेखा पर चर्चा हुई। प्रतियोगिताओ के लिये 16 नवम्बर से 20 नवम्बर तक पंजीकरण का कार्य किया जा रहा है पंजीकरण का कार्य किड्स पैराडाईजेज स्कूल दिनेशपुर में किया जा रहा है इस अवधि में 19 नवम्बर को रविवार अवकाश भी है 20 नवम्बर के उपरान्त कोई भी पंजीकरण नही किया जायेगा । दिनॉक 21 नवम्बर को अंडर 14 की खेल प्रतियोगिताये आयोजित की जायेगी जिसमें बालक व बालिका दोनो वर्ग द्वारा प्रतिभाग किया जायेगा। 22 नवम्बर को अंडर 17 की बालक एवं बालिका वर्ग की प्रतियोगिता आयोजित होगी । 23 नवम्बर को अंडर 19 के बालक वर्ग तथा 24 नवम्बर को अंडर 19 बालिका वर्ग की प्रतियोगिताएं आयोजित की जायेगी। सभी वर्गो में ऐथलेटिकस,खो-खो,कबड्डी आदि प्रतियोगिताएं आयोजित की जायेगी तथा इसके अतिरिक्त बालीवाल, बैडमिंटन, ताईकवांडो आदि की प्रतियोगिता भी होगी। विभिन्न प्रतियोगिताओं में न्याय पंचायत स्तर से विजयी प्रतिभागी भाग लेंगे खो -खो प्रतियोगिता में अंडर -14 अंडर -17 वर्ग में पृथक से रजिस्ट्रेशन किया जायेगा। अंडर-19 में टीम गेम तथा ऐथलिटिक्स में पृथक से रजिस्ट्रेशन किया जायेगा इस ब्लाक स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन किड्स पैराडाईज पब्लिक स्कूल दिनेशपुर के प्रांगण में किया जायेगा। प्रतिभागियों की सुरक्षा, पेयजल, शौचालय आदि की व्यवस्थाओं के लिये सम्बन्धित विभागो से वार्ता कर ली गयी है मुख्य अतिथि के रूप में अरविंद पांडे द्वारा प्रतियोगिताओं का शुभारंभ किया जाएगा तथा नगर पालिकाओं एवं नगर पंचायत के सम्मानित अध्यक्ष, ब्लॉक प्रमुख विशिष्ट अतिथि होंगे एवं अन्य जन प्रतिनिधियों द्वारा भी अतिथि के रूप में कार्यक्रम में प्रतिभाग किया जाएगा । बैठक में बीडियो शेखर जोशी बीईओ प्रतिनिधि सुरेश प्रजापति ,खेल समन्वयक बृजेश दुबे, बीओपीआरडी गौरव त्रिपाठी सहित सभी विद्यालयों तथा स्टेडियमो से आए हुए खेल प्रशिक्षक उपस्थित रहे।

## खेल महाकुंभ में खिलाड़ियों ने दिखाया दम

शक्तिफार्म (उद संवाददाता)। राजकीय इंटर कॉलेज शक्तिफार्म में 6 दिवसीय ब्लॉक स्तरीय खेल महाकुंभ का ब्लॉक प्रमुख परमजीत कौर,बीईओ तरुण कुमार पंत , प्रधानाचार्य बालमुकुंद तिवारी,बीडीओ चिंताराम ने संयुक्त रूप से फीता काट कर शुभारंभ किया। द्वितीय दिवस जिला पंचायत सदस्य उत्तम आचार्य,भाजपा नेता अनिरुद्ध राय,विजय सिंह व खेल संयोजक बाल मुकुंद तिवारी ने सयुक्त रूप से शुभारंभ किया। राजकीय इंटर कॉलेज के मैदान में शुक्रवार को दो दिन का खेल सम्पन्न हुआ। जिसमें अंडर 14 वर्ग के बालक वर्ग के 60 मीटर दौड़ में सिसौना के योगेश आर्य प्रथम 600 मीटर दौड़ में सिसौना के अभिषेक सागर प्रथम, लंबी कूद में सिसौना के अभिषेक सागर प्रथम ऊंची कूद में नानकमत्ता के पवन कुमार प्रथम गोला फेक में केजीएम नानकमत्ता के मोहम्मद फैज प्रथम कबड्डी मे ऋतिक सिंह दल प्रथम स्थान पर रहे। अन्डर 14 बालिका वर्ग मे 60मी दौड़



में कल्पना जोशी ,600 मीटर दौड़ में अंजलि प्रथम स्थान पर रहे। लम्बी कूद में पूजा,गोला फेंक में आरुषि राना प्रथम रहे। खो खो में न्यू ज्ञानदीप जूनियर हाई स्कूल की तनिष्का आर्य, एशना मिस्त्री, किरण बिष्ट, ज्योति फर्त्याल, शक्ति शिशु उच्च प्राथमिक विद्यालय की निकिता चंद , महेक सरदार, जीजीआईसी शक्ति फार्म की रिया मजूमदार, राजकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय देवनगर की निशि हालदार, कनिका मंडल, पूर्णिमा मजूमदार, प्रथम स्थान पर रहे।इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष सुनील विश्वास,सतीश राणा ,शंकर डाकुआ, पंकज राय ललित जोशी, रामजनम चौहन, अवधेष सिंह, ह्रदयेश चौहान, जयंत मंडल, महेंद्र सिंह,जशोदा सिंह मेहता आदि मौजूद थे।

रेरा एप्रूव्ड कालोनी
30 से 60 तक चौड़ी सड़कें,
बड़े-बडे पार्क, गेट बंद कालोनी
90 प्रतिशत तक ऋण सुविधा,
सीवरेज, स्ट्रीट लाईट

डायनामिक गार्डन सिटी
तोमर कंस्ट्रक्शन
श्री राधा स्वामी सत्संग घर गेट नं. 7 के सामने किच्छा रोड, रूद्रपुर
मोबा. 9557222289,7088169159

100 से 400 गज तक के प्लाट
100,160, 200 गज विला
खरीदने व बेचने हेतु सम्पर्क करें।
100 से अधिक परिवार रह रहे हैं

# सरकार के प्रयासों पर आबकारी पोत रही है कालिख

## सुधार के नाम पर रंच मात्र भी नहीं हुआ बदलाव,स्थित बंद से बदतर

काशीपुर(उद संवाददाता)। अवैध कच्ची शराब का गैरकानूनी कारोबार संगठनात्मक जनपद काशीपुर में थमने का नाम नहीं ले रहा है। सूत्रों का कहना है कि संबंधित विभाग के जिम्मेदार अधिकारी कार्यवाही से पूर्व शराब की कसीदगी करने वाले कारोबारियों को बाकायदा आगाह करने का काम कर रहे हैं ताकि सांप भी मर जाए और लाठी भी ना टूटे। आबकारी के अधिकारी यहां अधिकांश मामले अज्ञात में दर्ज करने का काम कर रहे हैं। जानकारों की माने तो अवैध कच्ची शराब का गैर कानूनी कारोबार क्षेत्र में आबकारी के संरक्षण में फल फूल रहा है। मजे की बात तो यह है कि अवैध कच्ची शराब तथा गैर कानूनी तरीके से खपत की जा रही तस्करी की शराब पर अंकुश लगाने के लिए दागी अधिकारियों को पोस्टिंग दी जा रही है। ज्ञातव्य है कि पिछले कई वर्षों से काशीपुर तथा आसपास के क्षेत्र में अवैध कच्ची शराब का कारोबार कुटीर उद्योग के रूप में जड़ जमा चुका है। आईटीआई थाना क्षेत्र के गांव खाईखेड़ा छोटीबरखेड़ी बड़ीबरखेड़ी कनकपुर आदि दर्जनों गांव ऐसे हैं जहां प्रतिदिन हजारों लीटर शराब बनाई और बेची जाती है। इसी तरह कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाला गांव रमपुरा अवैध कच्ची शराब के मामले में कुख्यात है। इस गांव का लगभग प्रत्येक परिवार अवैध कच्ची शराब के कारोबार पर आश्रित है। इस गांव से प्रतिदिन हजारों लीटर शराब क्षेत्र में सुरक्षित ठिकानों को सप्लाई की जाती है। जानकारों को कहना है कि आबकारी के जिम्मेदार अधिकारी शराब कारोबारियों से बाकायदा सुविधा शुल्क वसूल कर रहे हैं। गांव रमपुरा में आबकारी जल्दी हाथ नहीं डालती। लोगों का कहना है कि अकेले रमपुरा गांव से आबकारी को मिठाई के नाम पर लाखों रुपए प्रति माह जाते हैं यही कारण है कि आबकारी उक्त गांव को पूरी तरह दरकिनार कर सरकार



की आंख में धूल झोंकने का काम कर रही है। मजे की बात है कि जहां एक और धामी सरकार प्रदेश को नशा मुक्त करने की कवायद में जुटी है वही आबकारी सरकार के सभी प्रयासों पर कालिख पोतते हुए नशाखोरी को बढ़ावा देने का काम कर रही है। अकेले काशीपुर की बात करें तो ग्रामीण व शहरी क्षेत्र में तीन दर्जन से भी अधिक अवैध कच्ची शराब के गैरकानूनी अड्डे आबाद है जहां आबकारी के अधिकारियों का तालमेल बना बताया जा रहा है।

## भ्रष्ट अधिकारी दे रहे हैं गैरकानूनी कार्य को बढ़ावा

काशीपुर। आबकारी का एक सिपाही अवैध कच्ची शराब के कारोबारियों से हफ्ता वसूलने का काम कर रहा है। सूत्रों का कहना है कि नियम कानून को तात्पर रखकर विभाग द्वारा उसे खाली इसी काम के लिए रखा गया है। यह सिपाही अपने गृह जनपद में सेटिंग के बूते पोस्टिंग लिए हुए हैं। इसी तरह आबकारी का एक अन्य अधिकारी अपने गृह जनपद से मात्र चंद किलोमीटर की दूरी पर यानी प्रॉपर रामनगर का होते हुए काशीपुर में पोस्टिंग करा रखी है। इस बात से सहज अंदाजा लगाया जा सकता है कि आबकारी विभाग प्रदेश की सरकार की आंख में किस तरीके से धूल झोंक रहा है। कुल मिलाकर आबकारी के अधिकारी यहां अवैध कच्ची शराब तथा तस्करी के शराब पर अंकुश लगाने की बजाय उसे बढ़ावा देने का काम कर रहे हैं।

## करोड़ों के खरीद लिए प्लॉट, जांच जरूरी

काशीपुर। आबकारी विभाग के कुछ अधिकारियों ने सरकार की आंख में धूल झोंककर करोड़ों की संपत्ति जमा कर ली है। आबकारी के एक अधिकारी पर आरोप है कि उसने ड्यूटी करते हुए कई स्थानों पर करोड़ों के प्लाट खरीद लिए। अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के अध्यक्ष ने सरकार से मांग किया है कि इस तरह के भ्रष्ट अधिकारियों की उच्च स्तरीय जांच की जाए और यदि इनके खामियों की पुष्टि होती है तो इन्हें तत्काल नौकरी से सस्पेंड किया जाय। मजे की बात है कि भ्रष्ट अधिकारी गुंडागर्दी पर उतारू है। यदि उनके खिलाफ किसी प्रकार की कोई खबर प्रकाशित होती है तो वह चापलूस अथवा रसूखदार लोगों से फोन कराने से भी पीछे नहीं होते।

# कोलम्बस स्कूल में आयोजित हुआ कानूनी जागरूकता कार्यक्रम

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। मॉडल कॉलोनी स्थित प्रतिष्ठित कोलम्बस पब्लिक स्कूल के सभागार में पॉक्सो तथा जुवेनाइल अधिनियम पर एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें महिला एवं बाल कल्याण विभाग उधमसिंह नगर की जिला परिवीक्षा अधिकारी सुश्री व्योमा जैन जी ने बतौर मुख्य वक्ता शिरकत की। सर्वप्रथम विद्यालय के प्रधानाचार्य मनोज कुमार ने पुष्पगुच्छ भेंट कर सुश्री व्योमा जैन का औपचारिक स्वागत किया। तत्पश्चात् मुख्य वक्ता ने विद्यालय की वरिष्ठ कक्षाओं की छात्राओं के साथ बाल अधिकारों, पॉक्सो एक्ट, जुवेनाइल जस्टिस एक्ट पर खुलकर गहन चर्चा की। साथ ही पॉक्सो एक्ट के प्रावधान तथा बाल यौन शोषण, पॉर्नोग्राफी जैसे अपराधों से बचने व आस-पास हो रहे इस प्रकार के अपराधों की जानकारी प्रशासन तक पहुँचाने के



माध्यमों को एक शॉर्ट फिल्म के माध्यम से दिखाकर जागरूक किया। इस दौरान उन्होंने छात्राओं को जानकारी देते हुए बताया कि भारत सरकार द्वारा संचालित नि:शुल्क हेल्पलाइन नम्बर 1098 पर किसी भी समय बाल अपराध से सम्बन्धित सूचना दी जा सकती है,जिसके तहत प्रशासन द्वारा त्वरित कार्यवाही की जाती है। साथ ही उन्होंने बाल कल्याण समिति तथा जिला बाल सरंक्षण इकाई के बारे में विस्तृत चर्चा कर छात्राओं का मार्गदर्शन किया।कार्यक्रम के दौरान प्रश्नकाल में विद्यालय की छात्राओं ने मुख्य वक्ता से उक्त प्रकरण पर अनेक सवाल पूछे जिनका सुश्री व्योमा जैन जी द्वारा बड़े ही रूचिपूर्वक अंदाज से जवाब देकर छात्राओं की जिज्ञासाओं को शांत किया गया। विद्यालय के प्रबंध निदेशक मनोज कुमार खेड़ा ने इस प्रकार के कार्यक्रमों के आयोजन का उद्देश्य छात्राओं में जागरूकता फैलाना व ऐसे समाज का निर्माण करने का प्रयास बताया, जिससे उनके बौद्धिक, शारीरिक, भावनात्मक तथा सामाजिक विकास को सुनिश्चित किया जा सके।कार्यक्रम के अन्त में विद्यालय की समन्वयक श्रीमती दीपा नायर ने मुख्य वक्ता श्रीमती व्योमा जैन का धन्यवाद कर कार्यक्रम का समापन किया। इस दौरान सुनील आर्या (काउन्सलर, चाइल्ड हेल्पलाइन), चाँदनी (कोआर्डिनेटर चाइल्ड हेल्पलाइन), स्मिता (सुपरवाइजर) एवं विद्यालय की शिक्षिकाएँ मौजूद रही।

# युवा एथलीट अंकित कुमार ने राज्यपाल से की भेंट

देहरादून(उद संवाददाता)। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) से शुक्रवार को राजभवन में युवा एथलीट अंकित कुमार ने भेंट की। मूल रूप से पौड़ी गढ़वाल के निवासी अंकित कुमार ने हाल में ही गोवा में संपन्न 37वें राष्ट्रीय खेलों में 10 किमी रेस की प्रतिस्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता है। राज्यपाल ने अंकित को बधाई देते हुए कहा कि उन्होंने नेशनल गेम्स में प्रदेश का मान बढ़ाया है और वे अन्य युवाओं के लिए



प्रेरणास्त्रोत हैं। राज्यपाल ने कहा कि उत्तराखण्ड के युवा बेहद प्रतिभावान हैं, और वे किसी भी लक्ष्य को हासिल करने की क्षमता रखते हैं। उन्होंने कहा कि अन्य युवाओं को उनसे सीख लेने की जरूरत है। राज्यपाल ने युवा एथलीट को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए अपना आशीर्वाद दिया।

## नाम परिवर्तन सूचना

सूचित किया जाता है कि पूर्व में मेरा नाम कवल प्रीतपाल जीत सिंह चीमा (Kawal Pritalpal Jeet Singh Cheema) था। अब मैने अपना नाम बदलकर कवल प्रीतपालजीत सिंह (Kawal Preetpaljeet Singh) रख लिया है। भविष्य में मुझे कवल प्रीतपालजीत सिंह (Kawal Preetpaljeet Singh) के नाम से ही जाना-पहचाना जाये।

-**कवल प्रीतपालजीत सिंह** पुत्र श्री खड़क सिंह
ए-111,आवास विकास किच्छा, तहसील-किच्छा-जिला ऊधम सिंह नगर, उत्तराखण्ड

जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
जनरेटर सुविधा भी उपलब्ध है।
05944-246817



## लापता बालिका को किया बरामद

किच्छा(उद संवाददाता)।कोतवाली पुलिस की चीता पुलिस द्वारा एक चार वर्षीय बालिका के लापता होने की डायल 112 पर एक महिला संगीता गोयल की सूचना पर कारवाही करते हुए उसकी 4 साल की पुत्री को कुछ घंटों में बरामद कर परिजनों के सुपुर्द कर दिया। सूचना पर थाना हाजा के चीता मोबाइल कर्मगणों द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए गुमशुदा बालिका आयु को बस स्टेशन किच्छा से सकुशल बरामद कर उसकी माता के सुपुर्द किया गया।इस कारवाही में चीता पुलिस बृज मोहन, बबीता,जगमोहन नेगी आदि रहे।

# भर्ती परीक्षा को नकलविहीन तथा पारदर्शिता से संपन्न कराएं:डीएम

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। लोक सेवा आयोग द्वारा 19 नवम्बर 2023 को आयोजित होने वाली सहकारिता पर्यवेक्षक (समूह-ग) की परीक्षा को नकलविहीन तथा पारदर्शिता से सम्पन्न कराना सुनिश्चित करें। यह निर्देश जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने परीक्षा के सफलतापूर्वक सम्पन्न कराने हेतु सेक्टर मजिस्ट्रेटों, प्रधानाचार्यो एवं पर्यवेक्षकों की जिला कार्यालय सभागार में बैठक लेते हुए दिये। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि 19 नवम्बर को पूर्वाह्न 11:00 बजे से अपराह्न 01:00 बजे तक आयोजित होने वाली भर्ती परीक्षा को नकलविहीन, पूरी पारदर्शिता तथा निष्पक्षता से सम्पन्न कराया जाये। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि इस कार्य में छोटी से छोटी लापरवाही भी क्षम्य नहीं होगी। उन्होंने कहा कि परीक्षा पारदर्शिता व निष्पक्षता से सम्पन्न होने पर योग्यतम व्यक्ति चयनित होंगे, जिससे शासकीय कार्यों का निर्वहन समयबद्धता, पारदर्शिता तथा सरलता से होगा। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि परीक्षा को सफलतापूर्वक संपन्न करवाने के लिए ड्यूटी पर तैनात सैक्टर मजिस्ट्रेट, अधिकारी व कर्मचारी अपनी-अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन कर्तव्यनिष्ठा से करना सुनिश्चित करें। उन्होने स्पष्ठ निर्देश देते हुये कहा कि परीक्षा पारदर्शी तरीके से सफलतापूर्वक सम्पन्न हो, किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि परीक्षा दिवस पर परीक्षा केन्द्रों के आस-पास धारा-144 लागू रहेगी। उन्होंने कहा कि परीक्षा की ड्‌यूटी बहुत ही महत्वपूर्ण कार्य है, जिसका निर्वहन बड़ी जिम्मेदारी से करना है। उन्होंने कहा कि आयोग द्वारा निर्धारित समय के अनुरूप ही अभ्यर्थियों का परीक्षा केंद्र में प्रवेश होना चाहिए। निधारित समय के बाद कोई भी अभ्यर्थी परीक्षा केंद्र में प्रवेश नहीं करेगा। उन्होंने निर्देशित करते हए कहा कि परीक्षा सम्पन्न कराने हेतु लगे कर्मिकों की सूची पुलिस विभाग को अवश्य उपलब्ध




कराई जाये।उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि परीक्षा केंद्र में पेपर आयोग के दिशा-निर्देशों का शतप्रतिशत अनुपालन करते हुए खोले जाएं। उन्होंने निर्देश दिये कि परीक्षा का आयोजन जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार ही करवाया जाए। उन्होंने कहा कि परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था के साथ-साथ यह भी सुनिश्चित करें कि किसी भी कर्मचारी के पास मोबाइल न हो। परीक्षा केंद्रों के आसपास कोई फोटो स्टेट की दुकान खुली न रहें। इसके अलावा परीक्षा केंद्रों पर ड्‌यूटी देने वाले अधिकारी व कर्मचारी अपने साथ आईडी कार्ड जरूर लायें। उन्होंने कहा कि परीक्षा केंद्रों पर बिजली, पानी, शौचालय जैसी आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध हों।उन्होंने कहा कि अभ्यर्थियों को मोबाइल फोन तथा ब्लूटूथ डिवाइस, घड़ी या किसी भी अन्य प्रकार का इलेक्ट्रॉनिक, डिजिटल गैजेट परीक्षा केन्द्र पर लाने की अनुमति नहीं है। परीक्षा केन्द्र के बाहर इस सम्बन्ध में बड़े अक्षरों में नोटिस लगाकर यह स्पष्ट कर दिया जाये कि आयोग के निर्देशों का उल्लंघन करते हुए पाये जाने पर सम्बन्धित परीक्षार्थियों के विरुद्ध विधिक कार्यवाही अमल में लाई जायेगी। उन्होंने निर्देश दिये कि परीक्षा कार्य में लगाये गये कर्मचारियों तथा अधिकारियों के अतिरिक्त किसी भी अनाधिकृत व्यक्ति को परीक्षा केन्द्र परिसर में प्रवेश न करने दिया जाय। परीक्षा केन्द्रों पर सुरक्षा हेतु पर्याप्त पुलिसकर्मी तैनात रहेंगे। उन्होंने परीक्षा के सफल संचालन हेतु आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का शतप्रतिशत अनुपालन करने के निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिये। अपर जिलाधिकारी जय भारत सिंह ने बताया कि 19 नवम्बर को पूर्वाह्न 11 बजे से अपराह्न 01 बजे तक आयोजित होने वाली सहकारिता पर्यवेक्षक (समूह-ग) परीक्षा रूद्रपुर में आयोजित की जायेगी। उन्होने बताया कि कुल 11 परीक्षा केन्द्र बनाए गए है। उन्होंने बताया कि सहकारिता पर्यवेक्षक (समूह-ग) परीक्षा में अभ्यर्थियों की संख्या- 4365 है। उन्होंने बताया कि भर्ती परीक्षा को सफलतापूर्वक सम्पन्न कराने हेतु 05 सैक्टर मजिस्ट्रेट नामित किये गये है। बैठक में एसपी मनोज कत्याल, ओसी डा0 अमृता शर्मा, मुख्य शिक्षा अधिकारी आरसी आर्य, जिला समाज कल्याण अधिकारी अमन अनिरूद्ध, जिला प्रोवेशन अधिकारी व्योमा जैन, जिला पूर्ति अधिकारी विपिन कुमार सहित सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित थे।

# छठ पूजा घाट का किया सौंदर्यीकरण

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। रविन्द्र नगर में छठ पूजा घाट पर किये गये सौंदर्यीकरण कार्यो का मेयर रामपाल सिंह फीता काटकर लोकार्पण किया। इस अवसर पर पूर्वांचल समाज ने मेयर रामपाल का



स्वागत करते हुए आभार भी व्यक्त किया। इस अवसर पर मेयर रामपाल सिंह ने कहा कि छठ पूजा पर होने वाली असुविधा को देखते हुए पूर्वांचल समाज समिति की मांग पर रविन्द्र नगर स्थित छठ घाट का सौंदर्यीकरण कराया गया है। इससे श्रद्धालुओं को सहूलियत मिलेगी। मेयर रामपाल सिंह ने कहा कि वह जो भी काम कर रहे हैं वह उनका फर्ज है। उनके लिए पूरा शहर एक परिवार की तरह है। उन्होंने अब तक के कार्यकाल में हमेशा जनभावनओं को सम्मान देते हुए विकास की योजनाओं को धरातल पर उतारने का प्रयास किया है। किसी भी वार्ड के साथ उन्होंने कोई भेदभाव नहीं किया। पारदर्शिता और पूरी गुणवत्ता के साथ विकास कार्य कराये जा रहे हैं। नगर निगम में जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि नगर निगम के स्तर से जो भी विकास कार्य संभव हो सकते थे वह किये जा रहे हैं। नजूल भूमि पर मालिकाना हक दिलाने का जो वायदा उन्होंने जनता से किया था वह पूरा हो रहा है। जनहितों के लिए आगे भी कोई कसर नहीं छोड़ी जायेगी। छठ घाट पर आने वाली व्रत नारियों के कपड़े बदलने के लिए दो कमरों का शीघ्र निर्माण नगर निगम रुद्रपुर के द्वारा कराया जाएगा जिसका टेंडर किया जा चुका है। इस अवसर पर छठ पूजा समिति अध्यक्ष दिनेश गुप्ता, पंकज गुप्ता, पार्षद बबलू सागर, फुदेना साहनी, राकेश सिंह, नन्द लाल शर्मा, दुर्गेश मौर्या, दिनेश गुप्ता, श्री कान्त शर्मा, राम सकल भारद्वाज, वीरेन्द्र तिवारी, रणधीर चौधरी, एम के सिंह, शंकर राय, विजय बाजपेई,पार्षद प्रमोद शर्मा, सुशील चौहान, सुशील यादव,भुवन गुप्ता सुनील कुमार शिव कुमार शिबू, शकुन्तला देवी,गीता गुप्ता,आरती सिंह संध्या रानी सुमन देवी आशा देवी आदि मौजूद रहे।

# धूमधाम से मनाया बाल दिवस

रुद्रपुर (उद संवाददाता)।श्री गुरु नानक बालिका इंटर कॉलेज प्राइमरी विभाग में बाल दिवस धूमधाम से मनाया गया। विद्यालय की प्रधानाचार्य श्रीमती प्रीति अग्रवाल के निर्देशन एवं वरिष्ठ अध्यापिका श्रीमती मनमीत कौर की देखरेख में बच्चों ने कविता एवं भाषण से बाल दिवस कार्यक्रम को आरंभ किया छोटे-मोटे बच्चों ने एवं शिक्षिकाओं ने नृत्य एवं गायन के माध्यम से बाल दिवस के शुभ अवसर का समां बांध दिया। विद्यालय में कक्षा एक से कक्षा 5 तक के बच्चों ने विभिन्न प्रकार के



खेलों में प्रतिभा करते हुए अपनी प्रतिभाओं का प्रदर्शन किया खेल प्रतियोगिता में विजयी छात्राओं को विद्यालय की प्रधानाचार्य ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस मौके पर विद्यालय की शिक्षिका अर्चना छाबड़ा, अनामिका ढाका ,परमजीत कौर, अमरजीत कौर, हरजीत कौर, शिखा रानी, अंजू तिवारी, जगजीत कौर, हेमा यादव, नवदीप कौर, रितु कौर, स्मिता गुलाटी, सीमा मल्होत्रा, एवं पूनम मौर्या सभी अध्यापिकाएं मौजूद रही।

# वासगांव में श्रीमद्भागवत कथा का किया शुभारंभ, 23 को भंडारा

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। रामगढ़ ब्लॉक के सिमराड़ क्षेत्र में स्थित बसगांव में श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ बृहस्पतिवार को विधि विधान से हो गया। कथावाचक व्यास आचार्य संजय लोहनी (वेदांती) के निर्देशन में यजमान पंडित मोहन चंद्र जोशी ने सपरिवार पूजन संपन्न कराया। कुमाऊंनी परिधान और पीतांबर



वेश में सजी महिलाओं ने कासंगाढ़ मंदिर से कथा स्थल तक भक्तिमय माहौल में कलश यात्रा निकाली। कलश यात्रा में गांव पालड़ी, कासनोली, सुयालगाढ़, कुटधार, मटेला, छीमी, हरतोला से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। 17 नवंबर से 22 नवंबर तक दोपहर एक बजे से कथावाचक व्यास आचार्य संजय लोहनी के श्रीमुख से भक्ति की बयार बहेगी। 23 नवंबर को पूर्णाहुति और भंडारे के साथ कथा संपन्न होगी। इस मौके पर ग्राम प्रधान ललिता जोशी, प्रधान पति मोहन चंद्र जोशी, लीला जोशी, दिनेश चंद्र जोशी, राजू जोशी, शास्त्री सुरेश चंद्र जोशी, कैलाश जोशी, जगदीश जोशी, हरीश पांडे, भुवन पाठक, गिरीश सनवाल, पूरन सनवाल आदि मौजूद रहे।

# भागवत कथा के श्रवण की महिमा का किया वर्णन

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। भाजपा जिला महामंत्री नवीन भट्ट द्वारा यहां हल्द्वानी ब्लॉक में कराई जा रही श्रीमद भागवत कथा में कथा व्यास श्री श्री 108 श्री रमेश दास जी द्वारा द्वितीय दिवस की कथा मे श्रीमद भागवत कथा के श्रवण की महिमा का वर्णन करते हुये पं. आत्मदेव की कथा तथा गोकर्णी



पाख्यान और धुन्धुकारी के मोक्ष का वर्णन किया। उन्होंने कहा कि भागवत कथा को श्रवण करने के लिए स्थान, गान, ध्यान, तथा कान का उचित होना अति आवश्यक है। उन्होंने संतों की संगति की महिमा का वर्णन किया। इस मौके पर भाजपा प्रदेश महामंत्री राजेंद्र सिंह बिष्ट, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती बेला तोलिया, विधायक लालकुआं मोहन बिष्ट, विधायक नैनीताल श्रीमती सरिता आर्या, जिला महामंत्री रंजन सिंह बर्गल, प्रदेश महामंत्री किसान मोर्चा महेंद्र सिंह नेगी,श्री केवल नंद भट्ट रमेश चंद्र भट्ट हेमंत भट्ट पंकज भट्ट मनोज भट्ट महेंद्र सिंह नेगी। सहित भारी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# सहकारिता विभाग के अधिकारियों ने राज्यपाल से की मुलाकात

देहरादून(उद संवाददाता)। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) से शुक्रवार को राजभवन में सहकारिता विभाग के अधिकारियों ने भेंट कर विभागीय योजनाओं और कार्यक्रमों की जानकारी दी। सचिव डॉ. बी.वी आर. सी पुरुषोत्तम ने राज्यपाल को विभागीय संस्थाओं और उनके कार्यों आदि की विस्तृत जानकारी दी। राज्यपाल ने कहा कि सहकारिता आंदोलन को जन-जन तक पहुंचाना हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि हमें सहकारिता को रोजगार सृजन का माध्यम बनाकर उसमें अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने के प्रयास करने चाहिए। उन्होंने कहा कि कॉपरेटिव से कॉर्पोरेट संस्कृति विकसित किए जाने के प्रयास किए जाएं। राज्यपाल ने कहा कि अमूल, इफ्को जैसी सहकारी संस्थाओं



से प्रेरणा लेकर उसी दिशा में कार्य करने के प्रयास किए जाय। उन्होंने कहा कि सहकारिता को आर्थिक गतिविधियों के साथ जोड़ा जाना जरूरी है जिससे लोगों की आर्थिक रूप से भी मजबूत हो सकें। इस अवसर पर अपर सचिव आलोक कुमार पाण्डेय व अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# कार्तिक मास में व्रत दान और भजन कीर्तन का विशेष महत्व

गदरपुर(उद संवाददाता)।श्री सनातन धर्म मंदिर बुध बाजार में कार्तिक मास के उपलक्ष में हो रही कथा के 22वें दिन की कथा करते हुए कथावाचक पंडित विजय कुमार शास्त्री जी ने कहा कि कार्तिक मास भगवान को अतिप्रिय है, इसमें किया हुआ व्रत,दान, नियम तथा कीर्तन अनंत फल देने वाला होता है, क्योंकि इस माह में किए हुए भगवत कृत्य से बढ़कर कोई यज्ञ तप नहीं है, कार्तिक मास में जो मनुष्य भगवान का पूजन करता है वह अवश्य ही जीवन मुक्त हो जाता है और जो भगवान का भजन सुनता है,नाम संकीर्तन करता है वह भगवान को अत्यंत प्रिय होता है, पूजन चाहे मंत्र से हो चाहे क्रिया से हो पर श्रद्धा से किया गया हो वही पूर्ण होता है। प्रभात फेरी जुगनू सुखीजा एवं श्रीमती सोनम सुखीजा के निवास स्थान पर गई। प्रसाद की सेवा विनोद कुमार एवं प्रमोद कुमार चुघ के परिवार द्वारा दी गई।



# दुर्व्यवस्था की भेंट चढ़ गया प्रतिबंधित पॉलीथिन के खिलाफ अभियान

## दूध की डेरियों मिठाई सब्जी व परचूनी की दुकानो पर हो रही सर्वाधिक खपत जिम्मेदार अधिकारी सांप मर जाए और लाठी भी ना टूटे वाले फंडे पर कर रहे काम

काशीपुर(उद संवाददाता)। प्रतिबंधित पॉलीथिन एवं सिंगल यूज प्लास्टिक के प्रयोग पर प्रतिबंध लगाने में यहां अधिकारी पूरी तरह फेल हो गए। अकेले नगर क्षेत्र की बात की जाए तो प्रतिदिन आज भी कुंतलों के हिसाब से प्रतिबंधित पॉलीथिन का धड़ल्ले से प्रयोग किया जा रहा है। पटेल नगर में उत्तरांचल डेरी एवं नगर निगम के पिछले गेट के समीप स्थित एक अन्य डेरी के संचालक प्रतिदिन 20-20 किलो प्रतिबंधित पॉलीथिन का प्रयोग करते बताई जा रहे हैं इस बात से अंदाजा सहज लगाया जा सकता है कि नगर क्षेत्र की अन्य दर्जन में दूध की डेरियों पर प्रतिबंधित पॉलीथिन का किस तरीके से प्रयोग किया जा रहा है। जानकारी के मुताबिक सुप्रीम कोर्ट के सख्त निर्देश के बाद प्रशासन ने यहां टीम गठित कर प्रतिबंधित पॉलीथिन एवं सिंगल यूज प्लास्टिक पर बैन लगाने की मुहिम छेडा लेकिन अभियान के शुरुआत की दौड़ में ही जिम्मेदार अधिकारियों पर लेन-देन के आरोप लगने शुरू हो गए। इस बीच प्रतिबंधित पॉलीथिन के प्रयोग के आरोप में कुछ दुकानदारों के चालान काटते हुए जुर्माना वसूल किया गया लेकिन कुल मिलाकर यह अभियान समय के साथ दुर्व्यवस्था की भेंट चढ़ गया। वर्तमान में आलम यह है कि सब्जी मंडी फास्ट फूड की दुकानों से लेकर फल के ठेलों के अलावा साप्ताहिक हाट बाजारों में प्रतिबंधित पॉलीथिन का दुकानदारों द्वारा खुलकर प्रयोग किया जा रहा है। इससे भी ज्यादा मजे की बात यह है कि नगर निगम की नाक के नीचे ही दुग्ध कारोबारियों द्वारा प्रतिदिन कुंतलों प्रतिबंधित पॉलीथिन खपत की जा रही है। इसी तरह होटल रेस्टोरेंट मांसाहारी खाद्यान्न के ठेलो के अलावा परचून की दुकानों से लेकर दवाई की दुकानों तक यानी मेडिकल स्टोरों पर भी प्रतिबंधित पॉलिथीन का खुलेआम इस्तेमाल किया जा रहा है। दुग्ध कारोबारियों का साफ कहना है कि वह किसी भी हाल में प्रतिबंधित पॉलीथिन का इस्तेमाल बंद नहीं करेंगे चाहे प्रशासन कितना भी जोर लगा ले।

### मिठाई के दम पर चलता रहेगा गैर कानूनी खेल!

काशीपुर। नगर निगम के पिछली गेट पर स्थित एक दूध की डेरी के खिलाफ अब तक चार लाख रूपयों का जुर्माना किया जा चुका है लेकिन आज भी दुग्ध कारोबारी ने प्रतिबंधित पॉलीथिन का इस्तेमाल बंद नहीं किया। उसका साफ कहना है कि भ्रष्ट अधिकारी जब तक जिंदा रहेंगे मिठाई के दम पर पॉलिथीन का यह गैर कानूनी खेल यूं ही चलता रहेगा। इसी तरह पुरानी सब्जी मंडी एवं नई सब्जी मंडी रोड के अलावा तहसील गेट के ठीक सामने स्थित दूध की डेरी के अलावा मोहल्ला टांडा उज्जैन , आवास विकास, खड़कपुर, वैशाली कॉलोनी, लक्ष्मीपुर पट्टी, गिरीताल रोड, दुर्गा कॉलोनी, गौतम नगर, आर्य नगर, आदि मोहल्लों में खुली दर्जनों दूध की डेरियों पर प्रतिबंधित पॉलीथिन का जमकर प्रयोग किया जा रहा है।




# गांव आकर हुई बहूत खुशी : माही

## नैनीताल में माही का ऑटोग्राफ और सेल्फी लेने के लिए मची होड़,अल्मोड़ा में स्थानीय दुकानदारों,ग्रामीणों व स्कूल के बच्चों से मिले,कल मनायेंगे जन्मदिन





अल्मोड़/नैनीताल(उद सवांददाता)। कैप्टन कूल एवं टीम इंडिया के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी शुक्रवार को नाटाडोल से वापस पहाड़पानी, शहरफाटक होते हुए नैनीताल की ओर लौट गए। बताया जा रहा है कि अगले दो दिन तक धौनी के नैनीताल में ठहरने की उम्मीद है। बताया जा रहा है कि 19 नवंबर को वह पत्नी साक्षी का जन्मदिन नैनीताल में ही मनाएंगे।धोनी ने वापस लौटते समय पहाड़पानी-शहरफाटक मार्ग में शैमगड़ में स्थानीय दुकानदारों, ग्रामीणों और स्कूली बच्चों से मुलाकात की। धोनी को अपने बीच पाकर सभी ने फोटो खिंचवाने के साथ ओटोग्राफ लिया। क्षेत्र के दुकानदार सुरेश जोशी, रमेश मेलकानी ने बताया कि महेंद्र सिंह धोनी अपनी पत्नी साक्षी और दोस्तों के साथ वापस लौटते समय स्थानीय लोगों से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि धोनी को अपने बीच पाकर लोग बेहद खुश हुए। ग्रामीणों ने बताया कि धोनी ने सभी के साथ फोटो खिंचने के साथ लोगों से उनका हालचाल भी जाना। धोनी ने नाटाडोल में परिवार और दोस्तों के साथ तीन रात गुजारी। स्थानीय लोगों के अनुसार,धोनी को पहाड़ का खाना और क्षेत्र का वातावरण बेहद पसंद आया। समाजसेवी रमेश मेलकानी ने बताया कि धोनी के आने से क्षेत्र को नई पहचान मिली है। लेकिन शैमगड़ से नाटाडोल को जाने वाली चार किमी लिंक रोड की हालत खराब होने से उनके वाहनों को



आवाजाही करने में परेशानी उठानी पड़ी। धोनी के साथ फोटो खिंचवाने के साथ ओटोग्राफ लेने वाले ग्रामीणों के चेहरों पर खुशी देखने को मिली। लोगों से मिलने के बाद धोनी वापस नैनीताल की ओर चले गए। भारतीय टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी शुक्रवार दोपहर पत्नी और बेटी के साथ नैनीताल पहुंचे। इस दौरान वह कुछ देर के लिए माल रोड पर लगे जाम में फंस गए। पुलिस ने किसी तरह काफिल में शामिल उनके वाहन को जाम से निकलवाया। बता दें कि पिछले कुछ दिनों से धोनी कुमाऊं भ्रमण पर हैं। शुक्रवार को वह अल्मोड़ा स्थित अपने पैतृक गांव ल्वाली से नैनीताल लौटे हैं। दोपहर ढाई बजे वह पत्नी और बेटी के साथ नैनीताल पहुंचे। माल रोड पर प्रशंसकों की नजर धोनी पड़ी तो लोगों ने उन्हें घेर लिया। इस बीच कुछ लोगों उनके साथ फोटो खिंचवाने में सफल रहे जबकि कुछ ने ओटोग्राफ भी लिए। पुलिस ने किसी तरह वाहन जाम से निकालकर उन्हें सुरक्षित आगे बढ़ाया। इस दौरान पत्रकारों ने उनसे बातचीत करनी चाही लेकिन उन्होंने बातचीत करने से मना कर दिया। हालांकि उन्होंने केवल इतना ही कहा कि उन्हें अपने पैतृक गांव पहुंचकर बहुत खुशी हुई है। बताया जाता है कि नैनीताल पहुंचने के बाद धोनी और उनकी पत्नी ने प्रसादा भवन स्थित कैफे हाउस में कॉफी पी। दोपहर में वह नैनीताल से लगभग सात से आठ किलोमीटर दूर पंगोट पहुंचे जहां उन्होंने नेस्ट कॉटेज में दोपहर का लंच किया। इस दौरान लोगों ने धोनी से मिलना चाहा लेकिन उन्होंने दूरी बनाए रखी। पहाड़पानी (नैनीताल)। महेंद्र सिंह धोनी नाटाडोल से वापसी में पहाड़पानी, धानाचूली होते हुए नैनीताल की ओर गए।धोनी ने पहाड़पानी- शहर फाटक मोटर मार्ग पर सैमगड़ में स्थानीय दुकानदारों, ग्रामीणों और स्कूल के बच्चों से मुलाकात की। धोनी को अपने बीच पाकर सभी ने फोटो खिंचवाने के साथ ओटोग्राफ लिया। क्षेत्र के दुकानदार सुरेश जोशी, रमेश मेलकानी ने बताया कि महेंद्र सिंह धोनी अपनी पत्नी साक्षी और दोस्तों के साथ वापस लौटते समय स्थानीय लोगों से मुलाकात की। ग्रामीणों ने बताया कि धोनी ने उनका हालचाल भी जाना। समाजसेवी रमेश मेलकानी ने बताया कि धोनी के आने से क्षेत्र को नई पहचान मिली है।

## थैंक्यू महेंद्र, थैंक्यू पान सिंह जी आपने एक ग्राम भक्त बेटा दिया और ग्राम भक्त बहू भी दी !

### पूर्व सीएम हरीश रावत ने शोसल मीडिया पर पोस्ट की गांव में पहुंचे एमएस धोनी की तस्वीरें

देहरादून(उद संवाददाता)। उत्तराखंड में अपने पैत्रिक गांव अल्मोड़ा पहुंचे टीम इंडिया के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी को शुभकामनायें देने के साथ



उन्हें हमेशा एक प्रेरणाओं का धनी बताते हुए पूर्व सीएम हरीश रावत ने सोशल मीडिया पर उनके गांव भ्रमण की कई तस्वीरें पोस्ट कर अपनी प्रतिक्रिया भी व्यक्त की है। उन्होंने लिखा है कि ल्वाली के महेंद्र! ल्वाली, जैंती सालम क्षेत्र का एक अति सौभाग्यशाली गांव, जिसने देश को महेंद्र सिंह धोनी जैसा रत्न दिया। श्री महेंद्र सिंह धोनी अपने गांव पहुंचे। अपने चाचा-ताऊ के चौथरे पर बैठकर अपनी पत्नी के साथ फोटो भी खिंचवाई। देवी-देवताओं की पूजा की, अपने कुल पुरोहित को भी याद किया, ल्वाली भी चर्चा में आया और सबसे बड़ी बात यह है कि उत्तराखंड की धरती के नामचीन बेटे अब अपने गांव आएं, चाहे कभी-कभी आएं, वह प्रसंग भी चर्चा में आया और ल्वाली गांव सड़क से नहीं जुड़ा है यह बात भी चर्चा में आई। महेंद्र सिंह धोनी वर्ष 2003 में भी अपने गांव आए थे शायद तब भारतीय क्रिकेट टीम के लिए उनका चयन हुआ था, उनके पिता श्री पान सिंह धोनी जी का अपने गांव के साथ निरंतर जुड़ाव बना रहता है उनके भतीजे श्री दिनेश धोनी ल्वाली गांव के ग्राम प्रधान हैं। मैं एक बात सफाई में कह दूं कि ल्वाली, चायखान से सड़क से जुड़ा हुआ है। हां, जहां महेंद्र सिंह धोनी जी की बाखली है, सड़क उससे नीचे है, गांव जुड़ा हुआ है। बल्कि उस क्षेत्र में एक और नामचीन धोनी जिन्होंने जय हिंद का नारा दिया स्व. राम सिंह धोनी, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी उनका गांव भी है तल्ला विनौला, इसी लाइन में एक के बाद एक तीन मूर्धन्य स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के गांव भी हैं जो सभी सड़क से जुड़े हुये हैं, जैंती से भी जुड़े हुये हैं, चायखान से भी जुड़े हुये हैं। हमारे यहाँ अमूमन सड़क या तो गांव के ऊपर होती है या नीचे होती है, इसलिये जो बीच की बाखलियां होती हैं उनके लोगों को पैदल जाना पड़ता है। मैंने यह बात अपनी सफाई में कही है, वैसे महेंद्र सिंह धोनी जी के भारतीय क्रिकेट टीम में चयन के बाद ल्वाली हमेशा चर्चा में रहा। मैं उस समय राज्यसभा का सदस्य था। मैंने सांसद निधि से खेल का मैदान बनाने के लिए भी पैसा दिया था जो उस समय जूनियर हाई स्कूल थुआ सिमल के लिए, वहां खेल के मैदान में लगाया, वह ल्वाली गांव से लगा हुआ है, बड़ा फील्ड है, शायद हेलीकॉप्टर उतर सकता है। मैंने यह सब अपनी सफाई में कहा है, फिर भी कर्तव्य पालन में कहीं चूक होती है तो उसको मैं स्वीकार करने के लिए हमेशा उत्सुक रहता हूं। महेंद्र सिंह धोनी प्रेरणा हैं, आगे भी प्रेरणा रहेंगे, अपने गांव आकर उन्होंने लाखों उत्तराखंडियों को रास्ता दिखाया है। थैंक्यू महेंद्र, थैंक्यू पान सिंह जी आपने एक ग्राम भक्त बेटा दिया और ग्राम भक्त बहू भी दी। मेरे लिए खुशी की बात यह है कि बहू रावतों की लड़की है।

## बाहरी व्यक्तियों का करें सत्यापन

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। हरबन्स सिंह एसपी सिटी द्वारा कोतवाली के समस्त विवेचकों का आदेश कक्ष लिया गया इस दौरान विवेचकों को कई दिशा निर्देश दिए गए। उन्होंने उपस्थित सभी विवेचकों को पुरानी विवेचनाओ का निध



ारित समय में निस्तारण एवं विवेचनाओ की गुणवत्ता में सुधार लाने के निर्देश दिए। किसी भी अभियोग से संबंधित केस डायरी के पर्चे मैनुअल के साथ-साथ सीसीटीएनएस सॉफ्टवेयर के अंतर्गत समयानुसार ऑनलाइन भी अपलोड किए जाएं जिससे अभियोग की विवेचनाओ में पारदर्शिता बनी रहे। विवेचको को बताया गया कि एसएसपी द्वारा आठ नवंबर से आगामी 15 दिवस हेतु विवेचना के निस्तारण हेतु विशेष अभियान चलाया गया है। जिसमे लंबित पुनर्विवेचना व पार्ट पेंडिंग अभियोगों का निस्तारण अभियान के दौरान ही करें। जनपद स्तर पर प्रचलित अभियान ऑपरेशन प्रहार के तहत फरार वारंटियो एवं इनामी बदमाशों की गिरफ्तारी करें। शेष बचे अभियोगों का गुण-दोष के आधार पर तत्काल निस्तारण करें। गैर जमानतीय वारंटो की शत प्रतिशत तामील कराना सुनिश्चित करें। जिन विवेचनाओं को 06 माह से अधिक समय से अकारण लंबित रखा गया है उनका शीघ्र निस्तारण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि शिकायत प्रार्थना पत्र एक माह से अधिक समय से लंबित है उनका तत्काल सेवा अधिकार अधिनियम के अंतर्गत दिए प्रावधानों के अनुसार कार्यवाही करें। बाहर से आकर थाना क्षेत्र में रह रहे बाहरी व्यक्तियों का शत-प्रतिशत सत्यापन करें। हल्द्वानी क्षेत्र में यातायात व्यवस्था को बनाए रखने हेतु नशे में वाहन चलाने वाले, ट्रिपल राइडिंग, बिना हेलमेट, नो हेलमेट, ओवर स्पीड ओवरलोडिंग, बीप्रेशर हॉर्न, रेट्रो साइलेंसर, काली फिल्म का प्रयोग करने वालों के विरुद्ध एमवी एक्ट के अन्तर्गत कार्यवाही करें।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा को लेकर दिये निर्देश

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। जिलाधिकारी उदयराज सिंह की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित करते हुये कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा को गम्भीरता से लेते हुये पूरी जिम्मेदारी से अपने दायित्वो का निर्वहन किया जाये। उन्होने कहा कि प्रतिदिन भारत सरकार से मॉनीटरिंग की जा रही है इसमे किसी भी प्रकार की लावरवाही न बरती जाये। उन्होने जनपद स्तरीय नामित नोडल अधिकारियों को निर्देशित करते हुये कहा कि ग्राम पंचायतवार विकसित भारत संकल्प यात्रा हेतु शासन स्तर से दिये गये निर्देशों के अनुरूप विभिन्न विभागीय जन कल्याणकारी योजनाओं का प्रचार-प्रसार करते हुये कार्यक्रमों की रिपोर्ट को समय से निर्धारि वेव पोर्टल पर अपलोड किया जाये। मुख्य विकास अधिकारी विशाल मिश्रा ने बताया कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के सफल संचालन हेतु विकास खण्डवार जनपद स्तर व ग्राम पंचायत




स्तर पर नोडल अधिकारी नामित किये गये है। उन्होने बताया कि जनपद स्तर पर विकास खण्ड सितारगंज हेतु कृषि एवं भूमि संरक्षण अधिकारी अमित कुमार को नोडल अधिकारी नामित किया है। इसी तरह विकास खण्ड रूद्रपुर हेतु मुख्य उद्यान अधिकारी भावना जोशी एवं विकास खण्ड काशीपुर हेतु बाल विकास परियोजना अधिकारी काशीपुर ग्रामीण विमल बाराकोटी को नोडल अधिकारी नामित किया है। बैठक में पीडी हिमांशु जोशी, जिला विकास अधिकारी तारा ह्यांकी, मुख्य उद्यान अधिकारी भावना जोशी, मुख्य कृषि अधिकारी एके वर्मा सहित सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित थे।

## मृतकों के परिजनों को पीएम व सीएम कोष से दी आर्थिक सहायता

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। महानगर टैंट व्यापार एसोसिएशन द्वारा कुमाऊँ टैंट के गोदाम में हुए अग्निकांड में तीनों मृतक कर्मचारियों के परिजनों को प्रधानमंत्री राहत कोष से चार चार लाख तथा मुख्यमंत्री आर्थिक सहायता कोष से दो दो लाख रुपए की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की गई । यह घोषणा भाजपा जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट और मेयर जोगेंदर पाल सिंह रौतेला के अथक प्रयास से हुई है।महानगर अध्यक्ष हर्ष वर्द्धन पांडे ने मुख्यमंत्री, भाजपा जिलाध्यक्ष व मेयर का आभार जताते हुए कहा कि टैंट हॉउस के प्रभावित व्यवसायी गिरीश हेड़िया को भी आर्थिक सहायता दी जाये। क्योंकि 8 वर्ष पूर्व भी उनके प्रतिष्ठान में आग लगी थी जिसमें पूरा टैंट सामान जल गया था। जिससे वो धीरे धीरे उभर रहे थे कि पुन: इतनी बड़े नुकसान ने उनकी आर्थिक स्थिति को और दयनीय बना दिया है। उनके आर्थिक नुकसान को देखते हुए मुख्यमंत्री द्वारा कुछ सहायता उन्हें भी दी जानी चाहिए।मुख्यमंत्री का आभार जताने वालों में संगठन के संरक्षक हरजीत सिंह सच्चर, भोलादत भगत, चेयरमैन प्रकाश भट्ट, उपाध्यक्ष मनोज कपिल, महामंत्री लक्ष्मण सिंह बिस्ट, कोषाध्यक्ष चंदन साह, संगठन मंत्री योगेश तिवाडी, प्रचारमंत्री सोनू केसरवानी रहे।

## आनंदपुर के पूर्व ग्राम प्रधान नरेन्द्र सिंह का निधन



पंतनगर (उद संवाददाता)। निकटवर्ती ग्राम आनंदपुर के पूर्व प्रधान नरेन्द्र सिंह का राममूर्ति मेडिकल कालेज बरेली में ईलाज के दौरान विगत दिवस निधन हो गया। दिवंगत नरेन्द्र सिंह के पार्थिव शरीर का इन्द्रपुर श्मशान घाट पर अंतिम संस्कार किया गया। वे समाजसेवी एवं उत्तराखंड स्वतंत्रता संग्राम सेनानी संगठन के पूर्व प्रदेश सह अध्यक्ष भी रह चुके थे। काफी समय से बीमार चल रहे नरेन्द्र सिंह ने राममूर्ति मेडिकल कालेज बरेली में अंतिम सांस ली। इस दौरान उपेंद्र सिंह, वीरेश्वर सिंह,डा.विश्वनाथ, सौरभ बेहड़,डा.जयंत सिंह,पी.के.सिह, सुनील श्रीवास्तव, अंगद सिंह, जितेंद्र यादव, जर्नादन सिंह,जगत नारायण शाही,कमल सिंह सहित सैकड़ों ग्रामीणों ने श्रंद्धाजलि अर्पित की। क्षेत्रीय विधायक तिलक राज बेहड़ ने दूरभाष पर श्रंद्धाजलि अर्पित करते हुए उन्हे तराई एवं किसानों का हितैषी बताते हुए परिवारजनों को असीम दुख से निवारने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

## उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय
सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## वैश्विक चुनौतियों का सामना

दुनिया अमीर और गरीब के खानों में बंटी हुई है। अमीर देशों का गरीब देशों पर किसी न किसी रूप में या तो दबदबा बना रहता है या फिर वे उन्हें अलग-थलग किए रहते हैं। ऐसे में महाशक्तियों के रूप में चिह्नित देशों को चुनौती देने की कोशिशें होती रहती हैं। वैश्विक दक्षिण देशों की एकजुटता उसी की एक कड़ी है। इन देशों के दूसरे सम्मेलन से एक बार फिर यह उम्मीद जगी है कि वे अमीर कहे जाने वाले देशों के समांतर अपनी एक ताकतवर व्यवस्था कायम कर सकते हैं। जी-20 सम्मेलन के बाद भारत ने वैश्विक दक्षिण की आवाज नामक इस सम्मेलन की अगुआई की। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने फिर से वैश्विक दक्षिण के देशों को एकजुट होकर नई वैश्विक चुनौतियों का सामना करने की अपील की। पश्चिम एशिया में जिस तरह की उथल-पुथल चल रही है, उसमें वैश्विक दक्षिण के देशों की भूमिका महत्त्वपूर्ण हो जाती है। वैश्विक दक्षिण के समूह में वे देश शामिल हैं, जो शीतयुद्ध के बाद अलग-थलग पड़ गए थे। वे औद्योगिक क्रांति से दूर रह गए थे और प्रायः पूंजीवादी तथा साम्यवादी देशों से उनका संघर्ष बना हुआ था। इसमें ज्यादातर एशिया, अफ्रीका और दक्षिण अमेरिका के देश हैं। वैश्विक उत्तर में वे देश हैं, जिन्होंने औद्योगिक क्रांति के जरिए काफी तरक्की कर ली और अब वे दुनिया के बाजारों में अपनी पैठ बनाए हुए हैं। उनमें अमेरिका, यूरोप, कनाडा, रूस, आस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड जैसे देश हैं। आबादी के लिहाज से वैश्विक दक्षिण के देश बड़ी श्रमशक्ति और उपभोक्ता बाजार हैं। अगर वे एकजुट होकर संपन्न देशों पर से अपनी निर्भरता खत्म कर लेते हैं, तो विश्व अर्थव्यवस्था की सूरत काफी कुछ बदल सकती है। ऐसे में भारत इन देशों को एकजुट करके न केवल अपने लिए एक बड़े बाजार का निर्माण करना चाहता है, बल्कि चीन को चुनौती भी देने की कोशिश कर रहा है। वैश्विक दक्षिण के देश विकासशील और अविकसित की श्रेणी में गिने जाते हैं। उनमें आर्थिक असमानता बहुत है। इसका लाभ उठा कर चीन इन देशों में अवसंरचना के विकास के जरिए अपनी पैठ बनाने की कोशिश में लगा हुआ है। 'बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव' परियोजना उसने इसी महत्त्वाकांक्षा से शुरू की थी। भारत अभी विकसित देशों की श्रेणी में तो नहीं गिना जाता, मगर वह विकासशील की श्रेणी में भी नहीं रहा। वह तेजी से बढ़ रही अर्थव्यवस्था है और उसकी चीन से प्रतियोगिता रहती है। इस तरह भारत वैश्विक दक्षिण देशों की एकजुटता के जरिए अपने पड़ोस में बढ़ती चीन की गतिविधियों पर अंकुश लगाने में कामयाब हो सकता है। इस बार के जी-20 सम्मेलन में भी अध्यक्ष के रूप में भारत ने वैश्विक दक्षिण पर विशेष रूप से ध्यान केंद्रित किया था। भारत की पहल पर ही अफ्रीकी समूह को भी जी-20 का सदस्य बनाया गया था। इस तरह भारत की पहल पर वैश्विक दक्षिण के देश वैश्विक उत्तर के देशों वाले मंचों पर भी उपस्थिति बनाने लगे हैं। आसियान और ब्रिक्स समूहों में उनकी शिरकत है। ये देश स्वाभाविक रूप से भारत पर भरोसा करते हैं। पिछले कुछ समय से जिस तरह रूस-यूक्रेन युद्ध और इजराइल-हमास संघर्ष के चलते वैश्विक स्थितियां प्रभावित हुई हैं। आपूर्ति शृंखला बाधित हुई है और आर्थिक मंदी के इस दौर में वैश्विक दक्षिण के देशों के सामने चुनौतियां बढ़ी हैं, उसमें नए विकल्पों की तलाश के लिए भारत की अपील समय की मांग है।

# 'सहारा श्री' को श्रद्धांजलि, लेकिन पुत्रों ने जो किया वह निंदनीय

सुब्रत रॉय सहारा देश के जाने माने अमीर आदमी सहारा ग्रुप के मालिक। सुब्रत रॉय ने 2004 में जब अपने बेटों की शादी की तो करीब 500 करोड़ रुपये खर्च किये ये उस समय की सबसे महंगी शादी थी अमिताभ बच्चन शाहरुख खान सचिन तेंदुलकर अरुण जेटली सोनिया गांधी अनिल अम्बानी आनन्द महिंद्रा ऐश्वर्या राय माधुरी दीक्षित जैसे बॉलीवुड बिजनेस खेल और राजनीतिक दुनिया का ऐसा कोई मशहूर शख्स नही जो उस शादी में नही आया हो। हॉलीवुड से डांसर और सिंगर बुलाये हर प्रकार का संगीत था हर तरह का खाना था मतलब अपने बेटों की शादी में सहारा ग्रुप के मालिक ने कोई कसर नही छोड़ी। सहारा ग्रुप ने पूरे देश में हर इंडस्ट्री में सहारा ग्रुप का इन्वेस्टमेंट था खूब सोहरत थी और अभी 3 दिन पहले लम्बी बीमारी के बाद उनका निधन हो गया उनके निधन के बाद उनकी बॉडी 2 दिन तक मोर्चरी में पड़ी रही उनके दोनों बेटे उनके अंतिम संस्कार में भी नही आये बाद में उनका एक पोता आया और उनको मुखाग्नि दी उनके दोनो बेटे विदेशों में थे उन्होंने आने में असमर्थता जताई और वो आये भी नही जिस बाप ने अपने बेटों पर कभी करोड़ों रुपये लुटाए वो बेटे अपने पिता की बीमारी में हालचाल तक नही पूछने आये यहाँ तक मृत्यु के बाद अंतिम संस्कार में मुखाग्नि




तक नही देने आए। अपने जमाने का मशहूर शख्स लखनऊ के मोर्चरी हाउस में 2 दिन तक वीरान पड़ा रहा उसके परिवार इष्ट मित्र जिनपर उसने करोड़ों रुपये लुटाए वो उसके मरने के बाद अंतिम संस्कार में भी शामिल नही हुवे देश की क्रिकेट टीम की जर्सी को 20 साल तक स्पोंसर करने वाले सहारा की मौत के दिन पूरा देश क्रिकेट में व्यस्त था। सचिन तेंदुलकर को छोड़कर शाहरुख खान, अमिताभ बच्चन जैसे उनके कई परम् मित्रों ने उनकी मौत पर ट्वीट तक नही किया। ये दुनिया की हकीकत है हम ये दौलत जो गरीबों के पेट पर लात मारकर कमाई जाती है ये किसी काम की नही। सुब्रत रॉय सहारा की जिंदगी में काला अध्याय भी जुड़ा। धीरे धीरे उनकी सोहरत भी फीकी पड़ी। सुब्रत रॉय सहारा का नाम फ्रॉड और धोखाधड़ी में आया। सहारा ग्रुप ने इन्वेस्टर के पैसों का गबन किया और आखिर सहारा ग्रुप ने खुद को दिवालिया घोषित कर दिया। लाखों लोगों के करोड़ों रुपये डूब गए। मोदी जी की सरकार में सीबीआई जांच बैठी उनपर केस चलाया गया और उन्हें जेल में बन्द कर दिया। काफी दिन जेल में रहने के बाद उन्हें जमानत मिली और बीमारी के चलते उनका निधन हो गया। आप लोग खुद सोचिये इस शख्स के ये दौलत क्या काम आई जो उसने आम मध्यम वर्गीय लोगों को झांसा देकर कमाई थी। सुब्रत रॉय अंत समय में भी रोते बिलखते तड़पते अपने लाडले बेटों का इंतजार करते रह गये और बेटे विदेशों में मौज उड़ाते रह गए। हम आज सुखी है अपने परिवार के साथ है उनके साथ खाना खाते है हर त्योहार मनाते हैं। भले ही दौलत उनके जितनी नही है पर हम उनसे ज्यादा सुखी है और गर्व है कि हमारी दौलत किसी गरीब के पेट पर लात मारकर नही कमाई हुई है।

**-वेद ठुकराल, वरिष्ठ भाजपा नेता, रूद्रपुर**

# धूमधाम से मना भंजूराम अमर इंटर कालेज का वार्षिकोत्सव

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। भूरारानी स्थित भंजुराम अमर इंटर कॉलेज का तीन दिवसीय 46 वां वार्षिकोत्सव धूमधाम से संपन्न हुआ। कार्यक्रम का प्रारम्भ गत 16 नवम्बर को हुआ। जिसमें कलश यात्रा का शुभारम्भ महामंडलेश्वर परम श्रद्धेय श्री स्वामी धर्मदेव महाराज जी के कर कमलों द्वारा किया गया। जिसमें विद्यालय के छात्र- छात्रा एवं शिक्षकगण और भुरारानी के सम्मानित ग्रामवासी सम्मलित हुए। 17 नवम्बर को कार्यक्रम का प्रारंभ हवन यज्ञ एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया। तत्पश्चात ध्वजारोहण श्रीमती चन्द्रकला गाँधी द्वारा किया गया। इसके उपरांत विद्यालय के छात्र/छात्राओं द्वारा झंडा गीत के साथ मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति की गयी। तदोपरांत श्रद्धेय स्वामी जी के आशीर्वचनों से सभी अभिभूत हुए। प्रातः हवन यज्ञ के बाद सत्संग सभा संपन्न हुई एवं शाम 5 बजे भजन गायन के बाद रात्रि 9 बजे समष्टि भण्डारा प्रसाद वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में परम पूजनीय श्री स्वामी रामानन्द जी, स्वामी राजेन्द्रदास जी स्वामी उमानन्द जी, माँ हंसेश्वरी भारती जी, स्वामी नारायण चौतन्य जी, महत श्री मनीष सलूजा जी, श्रद्धेय संजीव कपिल जी, अभिषेक बांगा, गणपत राम गाँधी, सुरेश गाँधी, पार्षद मोहन लाल खेड़ा, भारत भूषण चुघ आदि गणमान्य लोग शामिल हुए। विद्यालय के प्रधानाचार्य एनएल गंगवार ने सभी का आभार व्यक्त किया।






# अध्यापिकाओं को दी विदाई

सितारगंज(उद संवाददाता)। राजकीय प्राथमिक विद्यालय प्रथम की अध्यापिका दर्शना को राजकीय प्राथमिक विद्यालय बघोरी प्रधानाध्यापक पद पर पदोन्नति के साथ स्थानान्तरण हुआ, व चारु त्यागी पदोन्नति राजकीय प्राथमिक विद्यालय किच्छा के सहायक अध्यापक पद पर हुआ।वरिष्ठ समाजसेवी महेश मित्तल ने दोनों अध्यापिकाओं को भावविनी विदाई दी व स्मृति चिन्ह देकर उन्हें



सम्मानित किया और कहा कि आप दोनों का कार्यकाल अविषमरणीय व निर्विवाद रहा है पिछले कई वर्षो से आपने समर्पित भावना के साथ बिना किसी भेदभाव के पारिवारिक स्नेह के साथ बच्चों को शिक्षा दी उनका भविष्य उज्वल हो एकमत से सभी बच्चों पर ध्यान दिया,आपके स्थान्तरण से यहाँ आपकी कमी बच्चों को हमेशा महसूस होगी। प्रधानाचार्या पूनम मिश्रा ने दोनों का आभार जताया और कहा कि परिवार का कोई सदस्य जब दूर होता है तो हमेशा मन टूटता है पर मेरे साथ विद्यालय परिवार को बाँधने और एकसूत्र में पिरोने का जो काम आपने किया वो हमेशा इस विद्यालय को याद रहेगा।

**न्यायालय चकबंदी अधिकारी, किच्छा जनपद ऊधम सिंह नगर**
**जोत चकबंदी आकार पत्र-6 के नियम [ 26 ( 3 ) ]**
**नोटिस [ धारा 9 का ( 2 ) के अधीन ]**

**अखवार छाया**

पुस्तक संख्या..... वाद संख्या.........

वाद संख्या गांव किच्छा पक्ष राम अवतार आदि बनाम खुरशीद अली पिता का नाम मोहम्मद अली निवास स्थान किच्छा को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि मेरे सामने भूमि के सम्बन्ध में अधिकार और दायित्व, संयुक्त जोतों का विभाजन और गाटों पेड़ों कुंओं तथा अन्य समुत्रतियों के मूल्य का अवधारण करने के लिए एक वाद रजिस्टर तैयार किया गया है। आपको एतद्द्वारा आदेश दिया जाता है कि आप 21/11/2023 को चकबंदी कार्यालय,किच्छा में 10 बजे पूर्वान्ह में स्वयं या यथावत् प्राधिकृत अभिकर्ता द्वारा उपस्थित हों। यदि आप उपस्थित न होंगे, तो विवाद आपकी अनुपस्थिति में निर्णीत कर दिया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर और कार्यालय की मुहर से दिनांक 31/10/2023 को जारी किया गया।

रीडर
**चकबन्दी अधिकारी**
सहायक चकबन्दी अधिकारी
मण्डल (सर्किल)

# चोरी की बाइक के साथ एक दबोचा

किच्छा(उद संवाददाता)। कोतवाली पुलिस ने एक मोटर साईकिल चोर को चुराई गई मोटर साइकिल सहित गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार शफीक अहमद पुत्र रफीक अहमद निवासी बंडिया, किच्छा ने मोटरसाईकिल संख्या यूके 06एवी-7028 चोरी होने के सम्बन्ध में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिसकी विवेचना उपनिरीक्षक मनोज कुमार को सौंपी गयी। वाहन की बरामदगी के लिए टीम का गठन किया गया। टीम ने पप्पू सागर पुत्र मटरू लाल निवासी वार्ड न0 7, ट्रक यूनियन वाली गली, थाना किच्छा को चोरी की गयी मोटर साइकिल के साथ काली मंदिर तिराहे के पास से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में उसने बताया कि उक्त बाइक उसने इंदिरा गांधी खेल मैदान के पास से चोरी की थी और इसे बेचने के फिराक में था।



# घर के आगे से ई रिक्शा चोरी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। कृष्णा कालोनी ट्रांजिट कैम्प में अज्ञात चोरों ने घर के आगे खड़ा ई रिक्शा चोरी कर लिया। घटना की रपट दर्ज करा दी गई है। दर्ज रपट मे गौरांगो सरकार पुत्र महेन्द्र नाथ निवासी कृष्णा कालोनी, वार्ड नं02. ट्रांजिट कैम्प ने कहा है कि उसने 7 नवम्बर की रात्रि अपना ई रिक्शा संख्या यूके 06 ईआर 5756 को घर के सामने खड़ा कर लॉक लगा दिया था। अगले दिन सुबह उसने देखा कि उसका ई रिक्शा मौजूदा स्थान पर नहीं है। जोकि किसी अज्ञात द्वारा चोरी कर लिया गया है। पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# 20 नवंबर को मनाया जाएगा बाबा श्री चंद का जन्मदिन

गदरपुर(उद संवाददाता)। 20 नवंबर को उदासीन संप्रदाय के संस्थापक बाबा श्री चंद जी का जन्मदिन धूमधाम से मुकंदपुर डेरा (नजदीक ग्राम बड़ा खेड़ा)तहसील गदरपुर जिला उधम सिंह नगर, उत्तराखंड में मनाया जाएगा। उक्त जानकारी देते हुए डेरा बाबा श्री चंद जी के मुख्य सेवादार बाबा जोगा सिंह ने बताया कि 18 नवंबर को अखंड पाठ रखे जाएंगे तत्पश्चात 20 नवंबर को 10 बजे पाठ के भोग के उपरांत कथा कीर्तन एवं गुरु का लंगर आदि समागम किए जाएंगे उन्होंने सभी क्षेत्रीय संगत से कार्यक्रम अनुसार पहुंचने की अपील की है।

# शीतकाल के लिए बंद हो जाएंगे बदरीनाथ धाम के कपाट

जोशीमठ। बदरीनाथ धाम के कपाट शनिवार को शीतकाल के लिए बंद हो जाएंगे। इसके साथ ही आज चारधाम यात्रा का भी समापन हो जाएगा। बीकेटीसी के मीडिया प्रभारी डॉ. हरीश गौड़ ने बताया कि पंच पूजाओं के पांचवें दिन शनिवार को रावल स्त्री वेष धारण कर माता लक्ष्मी को बदरीनाथ मंदिर के गर्भ गृह में विराजमान करेंगे। उसके बाद उद्धव जी व कुबेर जी मंदिर प्रांगण में आएंगे और दोपहर 3:33 बजे पर धाम के कपाट बंद हो जाएंगे। बीकेटीसी अध्यक्ष अजेंद्र अजय ने कहा कि कपाट बंद करने को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। बदरीनाथ धाम के कपाट बंद होने की प्रक्रिया के तहत शुक्रवार को माता लक्ष्मी की पूजा कर उन्हें बदरीनाथ मंदिर के गर्भ गृह में विराजमान होने का आमंत्रण दिया गया। इस दौरान मंदिर में पूजा अर्चना की गई। शुक्रवार को धर्माधिकारी राधाकृष्ण थपलियाल और वेदपाठी रविंद्र भट्ट और लक्ष्मी मंदिर के पुजारियों ने मां लक्ष्मी की पूजा की और उन्हें कढ़ाही भोग लगाया। इस अवसर पर बीकेटीसी उपाध्यक्ष किशोर पंवार, मुख्य कार्याधिकारी योगेंद्र सिंह, मंदिर अधिकारी राजेंद्र चौहान, दिनेश डिमरी, श्रीराम डिमरी, विपुल डिमरी, विवेक थपलियाल आदि मौजूद रहे।

# नशा कारोबारियों ने महिला से की मारपीट

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। पुलिस से शिकायत करने पर आदर्श इन्द्रा बंगाली कालोनी में नशा का कारोबार करने वाले लोगों ने एक महिला के घर में घुसकर उससे मारपीट कर घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी दी। महिला ने उनके विरूद्ध मुकदमा दर्ज करा दिया है। दर्ज रपट में कंचन विश्वास पत्नी गोविन्द विश्वास निवासी आदर्श इन्द्रा बंगाली कालोनी वार्ड 35 ने कहा है कि उसके मोहल्ले में रहने वाले रूहीदास भक्त, विजय पाल, उसकी माँ सती, शम्भु पाल, जयदेव पाल व किशोर पाल जो कि अवैध नशे का कारोबार करते थे। उसके द्वारा शिकायत करने पर 15 नवम्बर की रात्रि उक्त लोग उसके घर में घुस आसे और जान से मारने की धमकी देते हुए उसका गला घोटा, मुहँ भी दबाया और उसे व उसके परिवार को जान से मारने की धमकी दी। जिस वजह से उसके घर में डर का भय बना हुआ है।

# पैसे न देने पर नशेड़ियों ने युवक को पीटा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। नशा करने के लिए पैसे न देने पर दो नशेड़ियों ने राह गुजरते युवक सेमारपीट कर उसे लहूलुहान कर दिया। मामले की रपट दर्ज करा दी गई है। रवि पुत्र नन्द लाल निवासी भूरारानी वार्ड 32 ने कहा है कि 12 नवम्बर की शाम वह घर जा रहा था। तभी भूरारानी गैस एजेन्सी के पास भूरारानी में रहने वाले प्रिन्स पुत्र रंजीत व चंदन पुत्र संजय पासवान उससे स्मैक पीने के लिए पैसे मांगे। जब प्रार्थी उसने मना किया तो दोनों ने उसके मुहँ पर ईंट व सिर पर लोहे की रोड मार जब वह बेहोश होने लगा उसकी जेब में रखे नगद 5 हजार रूपये व एक टच स्मार्ट फोन मारपीट के दौरान वही पर गिर गया। दोनों ने उसे उसके बद धमकी दी अगर पुलिस के पास गये तो तुझे और तेरे परिवार को जान से मार देंगें।

# हर रोज कठिन होता जा रहा रेस्क्यू ऑपरेशन

## सातवें दिन भी सबके हाथ खाली: अमेरिकी ऑगर मशीन से ड्रिलिंग का काम रोका अब इंदौर से मंगाई नई मशीन,सुरंग में फंसे मजदूरों को भेजी दवाई और सूखे मेवे

देहरादून/ उत्तरकाशी(उद संवाददाता)। उत्तरकाशी के सिलक्यारा सुरंग में पिछले छह दिनों से फंसे 40 मजदूरों को बचाने के लिए 22 से 25 मीटर तक ड्रिल होने के बाद काम रोक दिया गया है। राष्ट्रीय राजमार्ग और अवसंरचना विकास निगम लिमिटेड (एनएचआईडीसीएल) ने प्रेस रिलीज जारी कर बताया कि ड्रिलिंग का काम कर रही अमेरिकी ऑगर मशीन की बेयरिंग में खराबी आ गई है। जिसके चलते काम रुक गया है। वहीं एनएचआईडीसीएल के अधिकारियों का कहना है कि मशीन चलने से हो रहे कंपन के कारण सतह का संतुलन बिगड़ रहा है। जिससे मलबा गिरने का खतरा है। इसी लिए बीच में काम रोकने का निर्णय लिया गया है। शुक्रवार सुबह जब चौथा पाइप डाला जा रहा था तो किसी कठोर वस्तु के चलते ड्रिलिंग का काम बाधित हुआ। जिस पर मजदूरों ने पाइप के अंदर घुसकर जांच की तो यह बोल्डर निकला। जिसे हटाया गया। फिर दोबारा ड्रिलिंग शुरू हुई, लेकिन दोपहर बाद दोबारा चट्टानी बोल्डर आगे आ गया। जिसके बाद से ड्रिलिंग का काम रुका हुआ है। एनएचआईडीसीएल के निदेशक अंशु मनीष खलखो ने प्रेसवार्ता के दौरान बताया कि अमेरिकी ऑगर मशीन से 22 मीटर ड्रिलिंग का काम किया गया है। सुरंग के अंदर 1750 हार्स पॉवर की ऑगर मशीन के चलने से कंपन हो रहा है। जिससे सतह का संतुलन बिगड़ रहा है। इसके चलते मलबा गिरने का खतरा है। इसे ध्यान में रखते हुए अब बीच में कुछ समय रुकेंगे और फिर काम शुरू करेंगे। चौथे पाइप का दो मीटर हिस्सा वेल्डिंग के लिए बाहर छोड़ा गया है। पांचवें पाइप को वेल्डिंग कर जोड़ दिया गया है। कुछ समय बाद इसको डालने के लिए ड्रिलिंग का काम शुरू किया जाएगा। जिससे बदला जाएगा। ऑगर मशीन डीजल से चलती है। सुरंग के अंदर डीजल मशीन से वेंटिलेशन में दिक्कत आ रही है। ऐसे में वेंटिलेशन के लिए कंप्रेशर चलाया जा रहा है। जिससे सुरंग में वाइब्रेशन (कंपन) बढ़ रहा है। हालांकि एनएचआईडीसीएल के अधिकारियों का कहना है कि डीजल मशीन के चलते वेंटिलेशन में कोई दिक्कत न हो, इसके लिए बीच-बीच में कंप्रेशर चलाकर हवा को बनाए रखने का प्रयास किया जा रहा है। गौरतलब है कि यमुनोत्री हाईवे पर निर्माणाधीन सिलक्यारा से पोलगांव तक 4.5 किमी सुरंग में भूस्खलन के बाद से 40 मजदूर छह दिन से फंसे हुए हैं। मजदूरों को निकालने के लिए पहले जेसीबी आदि मशीनों से मलबा हटाया जा रहा था, लेकिन बार-बार मलबा गिरने पर सोमवार को देहरादून से ऑगर मशीन मंगाकर ड्रिलिंग शुरू की गई, लेकिन इसकी क्षमता कम होने के कारण बुधवार को दिल्ली से वायुसेना के तीन हरक्यूलिस विमानों से 25 टन वजनी अमेरिकी ऑगर मशीन मंगवाई गई। जिससे बृहस्पतिवार सुबह दस बजे ड्रिलिंग शुरू की गई थी, लेकिन एक पाइप को डालने में औसतन चार से छह घंटे का समय लग रहा है।

## इंदौर से एयरलिफ्ट कर मंगवाई मशीन के पाट्र्स पहुंचे जौलीग्रांट एयरपोर्ट

देहरादून। इंदौर से एयरलिफ्ट कर मंगवाई गई नई ऑगर मशीन के पाट्र्स शुक्रवार देर रात को जौलीग्रांट एयरपोर्ट पहुंच चुके हैं। सुबह इन्हें उत्तरकाशी पहुंचाया जाएगा। एनएचआईडीसीएल के निदेशक अंशु मनीष खलखो ने कहा कि वर्तमान में जिस ऑगर मशीन से ड्रिलिंग की जा रही है उसमें तकनीकी खराबी आई है। उसके बैकअप के लिए एक और ऑगर मशीन इंदौर से एयरलिफ्ट कर मंगाने का निर्णय लिया गया था। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मीडियो से बातचीत में कहा कि इंजीनियर और वैज्ञानिक हर स्तर पर काम कर रहा है। पाइप लगभग 25 मीटर पर डाला गया है। काम बहुत तेजी से चल रहा है। पीएम मोदी भी स्थिति की समीक्षा कर रहे हैं। पिछले छह दिनों से सिलक्यारा सुरंग में फंसे मजदूरों ने कब्ज की शिकायत की है। स्वास्थ्य विभाग की ओर से उन्हें दवा भेजी गई है। दरअसल मजदूरों को पाइपलाइन के माध्यम से खाने में सूखे मेवे ही दिए जा रहे हैं। जिसमें काजू, बादाम, पॉपकॉर्न, भूने चने व मुरमुरे आदि शामिल है। फाइबर की कमी के चलते मजदूरों के पेट में ड्राइनेस हो गई है। ड्रिलिंग कर रही अमेरिकी ऑगर मशीन में तकनीकी खराबी आने के बाद से सुरंग में पाइप डालने का काम बंद है। अब तक सुरंग में करीब 25 मीटर तक ही पाइप डाला गया है। जबकि सुरंग में मलबा करीब 70 मीटर तक है।







## सीओ ने किया थाने का निरीक्षण

गदरपुर(उद संवाददाता)। पुलिस क्षेत्राधिकारी भूपेंद्र सिंह भंडारी ने थाने का अर्धवार्षिक निरीक्षण किया। इस मौके पर सीओ ने थाना परिसर, कार्यालय, मालखाने व हवालात में साफ-सफाई का जायजा लिया तथा कागजातों की जांच की। उन्होंने थाने में तैनात अधिकारियों व कर्मचारियों की समस्याओं को सुनते हुए आवश्यक कार्रवाई की बात कही। शनिवार को गदरपुर थाने पहुंचे सीओ ने थाना परिसर में लगे मेस, बैरक, आगंतुक कक्ष, महिला एवं सीसीटीएनएस कक्ष और सीसीटीवी कैमरों का निरीक्षण किया। इस दौरान सीओ ने थाने में रखे हथियारों व आपदा संबंधी उपकरणों का भौतिक निरीक्षण किया तथा कर्मचारियों से आपदा उपकरणों के संबंध में जानकारी ली. थाने के अभिलेखों की समीक्षा करते हुए सीओ ने सभी उपनिरीक्षकों को माल मुकदमे, मुकदमा वाहन, लंबित विवेचनाओं व प्रार्थना पत्रों के संबंध में शिकायती प्रार्थना पत्रों का शीघ्र निस्तारण करने के निर्देश दिए। थाने में आने वाले फरियादियों के साथ अच्छा और मधुर व्यवहार किया जाए। प्रार्थना पत्र के आधार पर जांच कर उचित कार्रवाई की जाए। निरीक्षण के दौरान पुलिस कर्मियों में हड़कंप मचा रहा।



## सुरंग के बाहर से छेद कर मजदूरों को निकालने के लिए सर्वे शुरू

### पुलिस, आईटीबीपी, एनडीआरएफ और एसडीआएफ के जवानों ने की मॉक ड्रिल

उतरकाशी। उत्तरकाशी के सिलक्यारा सुरंग में फंसे 40 मजदूरों को बचाने के लिए प्लान सी पर भी काम किया जा रहा है। इस प्लान के तहत सुरंग के बाहर से छेद करके मजदूरों को निकालने की योजना रखी गई है। एनएचआईडीसीएल के अधिकारियों ने बताया कि इसके लिए भू-वैज्ञानिक व भूभौतिकीय सर्वेक्षण से जुड़ी टीमों के द्वारा सर्वे किया जा रहा है। एनएचआईडीसीएल के निदेशक अंशु मनीष खलखो ने बताया कि सुरंग के अंदर फंसे मजदूरों को बचाने के लिए पूर्व में सर्वे किया गया था। जिसमें सुरंग तक पहुंचने के लिए ऊर्ध्वाधर करीब 103 मीटर चौड़ाई मिली है। लेकिन, इसमें सुरंग के अंदर मलबा गिरने का खतरा है। वर्तमान में ऑगर मशीन से ही ड्रिलिंग का कार्य किया जा रहा है। उसमें सफलता मिलने की उम्मीद है। लेकिन प्लान सी पर भी काम शुरू किया गया है। जिसमें बाहर से भी छेद कर अंदर फंसे लोगों बचाने की संभावनाएं तलाशी जा रही हैं। सिलक्यारा टनल में फंसे 40 लोगों को सुरक्षित बाहर निकालने और अन्य आपातकालीन कवायदों को लेकर पुलिस, आईटीबीपी, एनडीआरएफ और एसडीआएफ के जवानों ने मॉक ड्रिल की। इस दौरान जरूरत पड़ने पर अंदर फंसे लोगों को पाइप के अंदर घुसकर बाहर निकालने, उनके मेडिकल चेकअप को लेकर तैयारी परखी गई। एसपी अर्पण यदुवंशी ने इस बताया कि ड्रिलिंग की कार्रवाई के बाद रेस्क्यू के अगले चरण में पाइप के जरिए अंदर फंसे मजदूरों को बाहर निकालने के काम में किसी तरह की दिक्कत न आए इसे लेकर मॉक ड्रिल की गई है। ऐसा इसलिए किया गया है ताकि सभी आपदा राहत से जुड़ी एजेंसियों के बीच अच्छा समन्वय रहे। एसपी ने बताया यहां पुलिस, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ व आईटीबीपी की टुकड़ियां चौबीसों घंटे तैनात हैं। जो कि किसी भी आपात स्थिति में त्वरित रेस्क्यू सेवाएं देंगी। प्राथमिक उपचार के लिए साइट के बाहर ही मेडिकल सहायता केंद्र बनाए गए हैं।

## पेज एक का शेष...

**पीएमओ एपसचिव ने ..** मीटर तक ड्रिल का काम हो पाया है। बता दें दीपावली वाले दिन भूस्खलन के चलते सुरंग में मलवा आने से 41 मजदूर सुरंग के अंदर ही फंस गये। शुरूआत में मजदूरों को निकालने के लिए जेसीबी आदि मशीनों से मलबा हटाया जा रहा था, लेकिन बार-बार मलबा गिरने पर देहरादून से ऑगर मशीन मंगाकर ड्रिलिंग शुरू की गई, लेकिन इसकी क्षमता कम होने के कारण दिल्ली से वायुसेना के तीन हरक्यूलिस विमानों से 25 टन वजनी अमेरिकी ऑगर मशीन मंगवाई गई। जिससे बृहस्पतिवार सुबह दस बजे ड्रिलिंग शुरू की गई थी, लेकिन एक पाइप को डालने में औसतन चार से छह घंटे का समय लग रहा है।

**फायर ब्रांड नेता..**किया है अपितु औद्योगिक निवेश हासिल करने के लिए आयोजित बेहद सफल रोड शो द्वारा अपना कद बड़ा करने में भी अच्छी खासी सफलता पाई है। लंदन ,बर्मिंघम ,अबू धाबी एवं दुबई आदि देशों में आयोजित रोड शो के दौरान धामी को जो समर्थन मिला और जैसा उनका स्वागत हुआ, उससे धामी का कद भाजपा के अन्य अग्रिम पंक्ति के नेताओं की तुलना में और भी विराट हो चुका है । याद दिलाना होगा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में अब तक देश से बाहर लंदन,बर्मिघम, अबुधाबी, दुबई में 4 सफल इंटरनेशनल रोड शो हो चुके हैं ,जबकि देशभर में वे दिल्ली, चेन्नई, बेंगलुरु, अहमदाबाद और मुंबई जैसे बड़े शहरों में में रोड शो कर चुके हैं । बीते 14 सितंबर और 4 अक्टूबर को धामी सरकार दिल्ली में 26575 करोड़ रूपये, 26 और 27 सितंबर को ब्रिटेन में 12500 करोड़ रूपये, 17 और 18 अक्टूबर को यूएई में 15475 करोड़ रूपये के निवेश का करार कर चुकी है । इसके अलावा 26 अक्टूबर को चेन्नई में 10150 करोड़, 28 अक्टूबर को बेंगलुरु में 4600 करोड़ और 1 नवंबर को अहमदाबाद में 24000 करोड़ के निवेश प्रस्ताव का करार हुआ है । उसके बाद मुंबई रोड शो में 30200 करोड़ रुपए के एमओयू साइन किए गए हैं । बात अगर उत्तराखंड के भीतर धामी द्वारा किए गए उल्लेखनीय कार्यों की करें, तो धर्मांतरण एवं लव जिहाद पर सख्त कानून बनाने के बाद, अब धामी राज्य में यूनिफॉर्म सिविल कोड लागू करके एक और मील का पत्थर स्थापित करने की दिशा में अग्रसर हैं। कहने की जरूरत नहीं कि सूबे के मुख्यमंत्री अगर आगामी कुछ ही दिनों के भीतर अगर यूनिफॉर्म सिविल कोड लागू करने में कामयाब रहे ,तो उत्तराखंड यूनिफॉर्म सिविल कोड लागू करने वाला देश का पहला राज्य बन जाएगा।

**छठ पूजा की अनुमति..** पूजा मनाने हेतु अनुमति भी प्राप्त कर ली थी तथा गाँव के लोगो ने छठ माता की पूजा हेतु तैयारी भी शुरू कर दी थी। किन्तु गाँव के कुछ लोगो ने उक्त अनुमति प्रार्थना पत्र पर द्वोषपूर्वक तथा झूठे तथ्यो के आधार बनाकर अनुमति प्रार्थना पत्र पर आपत्ति लगा दी । जिस कारण उपजिलाधिकारी ने अनुमति प्रार्थना पत्र को निरस्त कर दिया। जिससे गाँव में रहने वाले पूर्वाचल समाज के लोगों में काफी निराशा बनी हुई है। ज्ञापन में कहा गया है कि जिन लोगो ने प्रार्थना पत्र पर आपत्ति लगायी है वो लोग बदनीयती से उक्त माता के स्थल की भूमि को जबरन कब्जाना चाहते है। इन लोगो ने पहले भी ग्राम वासियों को काफी प्रताडित किया है। जिसको लेकर न्यायालय के समक्ष वाद दायर किया है जिसकी कार्यवाही चालू है। ज्ञापन में जिलाधिकारी से आग्रह किया गया है कि उपजिलाधिकारी द्वारा निरस्त अनुमति पत्र को बहाल कर ग्रामीणों को छठ माता का पहले की भांति त्यौहार मनाने के आदेश पारित करने की कृपा करें। इस दौरान संदीप चीमा, कविता, हरदीस कुमार, राजेश पासवान, भावेश मिश्रा, अमित सिंह, आशीष यादव, हरिकेश यादव, सत्यभान सिंह, पप्पू मिश्रा, सन्नी गुप्ता, बंटी सहित समस्त गायत्री विहार ग्राम कीरतपुर कोलडा के भारी संख्या में निवासी मौजूद थे।

**आठ निरीक्षक और तीन...** कैम्प, थानाध्यक्ष ट्रांजिट कैम्प सुंदरम शर्मा को कोतवाली किच्छा, प्रभारी निरीक्षक किच्छा धीरेन्द्र कुमार को पीआरओ वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, थानाध्यक्ष गदरपुर राजेश पाण्डेय को प्रभारी एएनटीएफ उधम सिंह नगर, एसओजी प्रभारी काशीपुर यूनिट भुवन जोशी को थानाध्यक्ष गदरपुर एवं प्रभारी एएनटीएफ उधम सिंह नगर जसवीर चौहान को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कार्यालय में स्थानांतरित किया है।

**सीएम धामी ने ..**आवश्यक कदम उठाए जाने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि श्रमिकों को बचाने के लिए जो भी जरूरी इंतजाम करने हैं उन्हें तुरंत किया जाए।

**आदर्श कालोनी..** एसएसपी ने बताया कि पूर्व में भी क्राइम मीटिंग के दौरान अवैध देशी/कच्ची शराब बेचने व कारोबार करने वालो के विरुद्ध कार्यवाही करने के सख्त आदेश दिए गए थे। इसके बावजूद कार्रवाई नहीं की गई।

## टनल निर्माण में कंपनी की लापरवाही पर उठ रहे सवाल

उत्तरकाशी। उत्तरकाशी के सिल्क्यारा सुरंग में फंसे श्रमिकों की संख्या 41 है बतायी जा रही है। इन सभी को सुरक्षित बाहर निकालने के लिए लगातार सातवें दिन भी रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है। ये रेस्क्यू ऑपरेशन हर रोज कठिन होता जा रहा है। कभी पहाड़ दरक जा रहा है, तो कभी मशीन खराब हो जा रही है। वहीं टनल में आपातकाल में बचाव के लिए ह्यूम पाइप क्यों नहीं था यह कंपनी की कार्यशैली पर सवालिया निशान लगाता है। यह सीधे तौर पर निर्माण करा रही कंपनी की लापरवाही को बताता है। लेकिन, यह लापरवाही तब अपराध बन जाती है जब यह पता चलता है कि पाइप तो था मगर उसे कुछ समय पहले ही निकाल लिया गया था। सवाल यह है कि आखिर क्यों इस पाइप को निकाला गया और किसके कहने पर। दरअसल, सुरंग निर्माण की शुरुआत में ही आपातकाल में बचाव के मद्देनजर ह्यूम पाइप बिछाया जाता है। जहां तक टनल की खोदाई हो जाती है वहां तक इस पाइप को बढ़ाया जाता है। उत्तरकाशी की इस सुरंग का निर्माण लगभग पूरा हो गया था। यहां पर भी नियमानुसार पाइप बिछाया गया था। ताकि, यदि कभी कोई ऐसा हादसा हो तो इस पाइप से मजदूर बाहर आ सकें। लेकिन, मौके पर मौजूद सूत्रों के मुताबिक यहां पर बिछे इस पाइप को कुछ समय पहले ही निकाल लिया गया था। ह्यूमन पाइप न होने पर सवाल उठा रहे हैं। इसे कंपनी की लापरवाही मान रहे हैं। मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस भी इस पर कंपनी को घेर चुकी है। अब यह और भी ज्यादा बड़ा चर्चा का विषय बन गया है कि आखिर क्यों इसे निकाल लिया गया।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)


SAMSUNG
गुरू माँ
Galaxy
Tab S9 Series
samsung.com
Own now at ₹ 60999*
Up to ₹ 12000
HDFC Bank Cashback
Samsung upgrade
bonus of ₹ 3000*
No cost EMI Up to 24 months#*
HDFC BANK
Secured by Knox
Galaxy Z Flip5
Own now at ₹ 3379/month*
Galaxy Z Fold5
Own now at ₹ 5237/month*
Galaxy S23 FE
Own at
₹ 67 per day*
SAMSUNG SMART PLAZA
Guru Maa Enterprises
No D1 & D2, opposite Guru Maa Dental Clinic,
Civil Lines, Rudrapur, Uttarakhand 263153 Contact: 070390 02656
Cheema Chauraha, Ramnagar Rd, opp. HDFC Bank,
Kashipur, Uttarakhand 244713 Contact: 070390 02648
BAJAJ FINSERV
HDB FINANCIAL SERVICES
आधार लाये, उधार ले जाएँ
EMI मात्र ₹990 प्रति माह से शुरू*
EASY EMI
OPTION AVAILABLE
सेल्स एवं सर्विस हेतु कॉल करें - 8791989500, 9927882338 उत्तराखंड की सबसे बड़ी इलेक्ट्रॉनिक्स रिटेल चेन